गुसांईजीनें पुरुषोत्तमदास मेहरा कों आग्या दीनी जोपार्वती कोंपत्र लिषि तामेंलिषियोजोतूश्रीठाकुरजीकीसेवानीकीभांतिसों करियो काहूबातकी गिलान मति लाइयो श्री ठाकुरजी तेरोभोग सब आपुही ते दूरि करेंगे तब पुरुषोत्तमदास मेहरा नें पार्वती कों पत्र लिख्यो तामें श्रीगुसांईजीनें श्रीमुख ते बचन कहे सो लिषि पठाए सो वह पत्र पार्वती पै पहुंचो सोपत्र वांचिकें श्री गुसांईजी की आग्या ते सेवा प्रसन्न तासों करन लागी कछू गिलान मन मेंन हीं लावती पाछें महीना तीनि चारि में हाथ पावनी के भए तब पार्वती बहुत प्रसन्न भई सो प्रसन्न तासों सेवा करन लागी- बहुरि श्री गुसांईजी कों पत्र लिख्यो भेट पठाई और कह्यो जो महाराज के प्रताप तें नीकी भई हों सोपत्र वांचिकें श्री गुसांईजीबहुत प्रसन्न भए सोवहपार्वती बडी कृपापात्र भगवदीहुती प्रभूनके प्रमानचलती तातें श्री गुसांईजी इनके ऊपर सदा प्रसन्न रहते यह वार्ता सब पद्मनाभदास के कुटुंब की भई तातें पद्मनाभदास बडे भगवदीहें तातें इनकी वार्ता कहांतांई लिषिये प्रसंग १ वैष्नव ६ ॥ संबंध ३४॥

अब श्रीआचार्यजी महाप्रभून के ॥
सेवक पद्मनाभदास को नाती
पार्वती को बेटा रघुनाथ
दासताकी वार्ता

सो रघुनाथदास बनारस में बहुत सास्त्र पढिके श्री गोकुल आयों तब श्री गुसांईंजी कों दंडोत की नी सो श्री गुसांईंजी बडेन की कांनिते इनके ऊपर कृपा करते कथा कहते सो रघुनाथदास सुनते सो एक दिन परमानंद सोनी नें इन सों पूछो जो रघुनाथदास तुम तो बहुत सास्त्र पढे हो पंडित हो आज श्री गुसांईं जी नें कहा कथा कही हुती सो कहो तब रघुनाथदास नें परमानंद सोनी सों कह्यो जो तुम तो सांच पूछत हो परि हूं तो कछू समझत नाहीं तब यह वात परमानंद सोनी नें श्री गुसांईंजी के आगें कही जो महाराज रघुनाथदास तो कछू समझत नाहीं पाछें श्री गुसांईंजी नें रघुनाथदास कों ग्रंथ दोय चारि पढाए और मार्ग की प्रनालिका कही पाछें रघुनाथदास समझन लाग्यो बडो पंडित भयो सो कितेक दिन पाछें अपने घर कनोज में

आयो तब मातासों कही जो हूं तो न्यारो होंउगो श्री ठाकुरजी की सेवा करूंगो तब माताने कही जो भलें ई तू सेवा करि पाछें न्यारो भयो वाकी माता जल भरि लावती पार्वती पात्र मांजती श्री ठाकुरजी की सेवा नीकी भांतिसों करती परचारगी सब करती जब राज-भोग सरतो तब अपने घर अपके ली ली दी करि श्री ठाकुरजी कों भोग समर्पि भोग सराय आय प्रसाद लेती या भांतिसों करती ऐसें करत दिन पांच सात बीते तब अपने सेव्य श्री ठाकुरजीनें कह्यो जो अरी पार्वती मेरो गरो षरषरात है अपके ली ली री नते तातें तू दारि तो कस्यो करि तब पार्वतीनें कह्यो जो महाराज तुम तो दारि भात सालन सो आरोगत हो तब श्री ठाकुरजीनें कह्यो जो में तो तेरो कीयो आरोगत हों पाछें दारि भात सब सालन करन लागी तातें पार्वती वडी कृपापात्र भगवदी हुती येवातो सब पद्मनाभ दास के परवार की भई तातें वे पद्मनाभदास श्री आचार्यजी महाप्रभून के ऐसे कृपा पात्र भगवदीय हें सो इन की वार्ता ऐसी है सो कितनी कहें तातें अब कहां तांई लिषियो

प्रसंग ॥१॥ वैष्णव ७ ॥ संवंध ३५ ॥

अब श्री आचार्य जी महाप्रभून
के सेवक रजो क्षत्राणी ॥
अडेल में रहती
ताकी वार्ता

सो व रजो क्षत्राणी नित्य पकवांन सामग्री करि श्री आचार्य जी महाप्रभून के लीए ले आवती सो श्री आचार्य जी महाप्रभू आरोगते वाकों नित्य को नेम हुतो सो एक दिन लक्षमन भट्ट जी को श्राद्ध दिन आयो सो श्री आचार्य जी महाप्रभूनने ब्राह्मण भोजनन कों बुलाए हुते नहां घृत थोरो सो चहियत हुतो तब श्री आचार्य जी महाप्रभून नें एक वैष्णव सों कही जो रजो के सों घृत ले आउ तब वा वैष्णव नें रजो सों कही जो रजो श्री आचार्य जी महाप्रभूनने घृत मगायो है तब रजो नें वा वैष्णव सों कह्यो जो घृत काहे कों चहियत है तब वा वैष्णव नें कह्यो जो आजु श्री लक्षमन भट्ट जी को श्राद्ध दिन है सो ब्राह्मण भोजन को बुलाए हैं सो थोरो सो घृत रसोइ में घस्यो है तातें मंगायो है तब रजो नें

कह्यो जो मेरें तो घृत नाहीं है तब वह बैष्नव फिरि आयो आयकें श्री आचार्यजी महाप्रभून सों कह्यो जो महाराज रजो कें घृत नाहीं है तब श्री आचार्यजी महाप्रभूननें कह्यो जो तू फेरि जा और षीजिकें कहियो जो श्री आचार्यजी महाप्रभूननें घृत मंगायो है तब वह बैष्नव फिरि गयो और रजो सों कह्यो जो श्री आचार्यजी महाप्रभू षीजत हैं तबहू रजोनें घृत नाहीं दीनों तब वह बैष्नव फिरि आयो तब श्री आचार्यजी महाप्रभून सों कही जो महाराज रजो घृत नाहीं देत तब श्री आचार्यजी महाप्रभून नें कह्यो जो अब कें फेरि जा और कहियो जो श्री आचार्यजी महाप्रभू षीजत हैं तातें घृत देउ तब हू नाहीं दीनों तब श्री आचार्यजी महाप्रभू न सों कह्यो जो महाराज रजो घृत नाहीं देत तब श्री आचार्यजी महाप्रभूननें और ठौर तें काम चलायो तब रात्रि कों रजो पकवान लेकें आई तब रजो कों देषिकें श्री आचार्यजी महाप्रभू पीठि देंवैठे तब रजोनें कही जो महाराज मेरो अपराध कहा है तब श्री आचार्यजी महाप्रभूननें कह्यो जो तेरें घृत न हुतो तो सामग्री कहा तें करि लाई तब र

जो नें कह्यो जो हूं लक्षमन भट्ट की लोंडी सो नांही मे
रें घृत न हुतो तातें न दीनों तातें तुम्हारें घृत हुतो सो
क्यों न काढ्यो तब श्री आचार्यजी महाप्रभूननें कह्यो
जो में श्री ठाकुरजी को घृत क्यों करि कें देउ तब रजो
नें कही जो में श्री ठाकुरजी को घृत क्यों करि कें देंउ त
ब आप बोले नांही तब रजो नें सामग्री आगें राषी
औरकही जो राज आरोगो तब श्री आचार्यजी मह
प्रभूननें कह्यो जो आज श्राद्ध दिन है तातें दूसरीवार
लेनों नांही तब रजो नें कही जो महाराज जो तुम्हारे
घर को होय सो मति लेउ यह तो लीयो चहिये तब र
जो के आग्रहतें श्री आचार्यजी महाप्रभूननें आरो
गी रजो श्री आचार्यजी महाप्रभून की ऐसी कृपापा
त्र भगवदीय ही तातें इन रजो की वार्ता कहां तांई लि
षिये ॥ वार्ता प्रसंग १॥ वैष्नव ८॥ संबंध ३६॥

अब श्री आचार्यजी महाप्रभून
के सेवक सेठ पुरुषोत्तमदा
स क्षत्री बनारस में रह
ते तिन की वार्ता

सो सेठ पुरुत्तमदास कों श्री आचार्यजी महाप्रभून की

आज्ञा हुती जो तुम पास कोई नांम लेन आवे
ताकों तुम नांम दीजियों तातें सेठ पुरुषोत्तमदास
नांमदेते और अपने घर श्री मदन मोहन जीकी
सेवा करते परि कबहू बिश्वेस्वर नाथ महा देवजी
के दर्शन कों न जाते ऐसें करत बहुत दिनवीते
तब एक दिन विश्वेस्वर नाथ महा देवजीनें सेठ
पुरुषोत्तम दाससों कह्यो जो सेठ जीतुम हमसोंगा
म को नातो तो राषो कबहू हम कों प्रसाद तो दी·
यो करो ऐसें स्वप्नमें कही तब सवारे सेठ पुरुषो
त्तम दास उठि सेवा सों पहुंचिकें बाहिर आए त
ब वस्त्र पहरि कें बीडा दोय प्रसादी लेकें डवराप्र
साद को लेकें विश्वेस्वर नाथ महा देवजी के दर्श
न कों चले तब गाम के लोग आश्चर्य भए जो से
ठ पुरुषोत्तम दास कबहू दर्शन कों न आवते
सो आजु क्यों आए हैं सो सब लोग साथ आए·
सो सेठ पुरुषोत्तम दास आप दिवाले में जायकें
विश्वेस्वर नाथ महा देवजी के आगें वीडा दोय
धरि प्रसाद को डवरा धरि श्री कृष्णस्मरन कहि
कें उठि चले तब बडे बडे पंडित ब्राह्मण हुते ति

ननें सेठ पुरुषोत्तम दास सौं कह्यो जो सेठ पुरुषो-
त्तम दास दंडोत नमस्कार कछू न कीनों श्रीकृष्नस्म
रन कहिकें उठि चले सो यह तो तुम कों उचित ना-
हीं तब सेठ पुरुषोत्तम दासनें उन ब्राह्मणनसों क
ह्यो जो तुम महादेवजी कों पूछि लीजियों तुमसों
महादेवजी कहेंगे पाछें उन ब्राह्मणन में एक म
हादेवजी को बडो कृपा पात्र भगवदीय हुतो तासों
महादेवजीने स्वप्न में कह्यो जो हमनें इन सों मह
प्रसाद मांग्यो हो सो दैन आए हैं हमारो इन को व्योहा
र जैसो कृष्न को है तातें तुम इनसों कछू मति कहो या
छें सेठ पुरुषोत्तम दास बडे उत्सव को प्रसाद कबहू
लेजाते तब एक दिन महादेवजीनें कालभैरव सों
कह्यो जो सेठ पुरुषोत्तम दास वैष्नवन के घरतें अ
वेरो सवेरो आवत हैं तातें तू इनके घर को चोकीप
हरा नित्य देत रहियो सो कालभैरव नित्य इनके घ
र को चोकी पहरा देतो सो एक दिन सेठ पुरुषोत्तमदा
स वैष्नवन के घरतें अवारे आवत हे सो सेठ पुरुषो
त्तम दास घर के द्वार आए तब फिरिकें देखें तो काल
भैरव एक ठौर ठाडो हैं तब सेठ पुरुषोत्तम दासने

वासों पूछी जो तू कोन है तब वह बोल्यो जो हूं काल
भैरव हों मो कों महादेव जी नें आग्या दीनी है तातें
तुम्हारे घर की चोकी पहरा देत हों तब सेठ पुरुषो
त्तम दास षिरकी देकें भीतर गए   वार्त्ता प्रसंग २॥
बहुरि एक दक्षण देस को ब्राह्मण सेवी हुतो सो बडो
पंडित महादेव जी को कृपापात्र हुतो सो वा ब्राह्मणकों
महादेवजी को साक्षात् दर्शन होतो सो वह ब्राह्मणनि
त्य प्रति महादेव जी के दर्शन करतो तब जलपानक
रतो ऐसो महादेवजी को भक्त हुतो सो एक समें जन्मा
ष्टमी को उत्सव आयो सो विश्वेस्वरनाथ महादेव जी
सेठ पुरुषोत्तमदास के घर गए जन्माष्टमी को उत्सवदे
षन कों सो वा ब्राह्मण नें जन्माष्टमी के उत्सव के दि
ना दर्शन न पायो और नवमी के दुपहर लों जब सेठ
पुरुषोत्तम दास के घर ते महादेव जी विदा होय कें आ
ए तब वा ब्राह्मण नें महादेवजी को दर्शन पायो त
ब वा ब्राह्मणनें महादेव जी सों पूछी जो कालि और
आजु हम दर्शन दुपहर लों नाहीं पायो सो काहे
तें तब वा ब्राह्मण सों महादेवजीनें कह्यो जो हम
कालि सेठ पुरुषोत्तम दास के घर उत्सव देषन ग

एहे सो अब ही सेठ पुरुषोत्तम दास के घर तें विदा होयकें आवत हों तब वा ब्राह्मणनें कही जो सेठ पुरुषोत्तम दास कोंनहे तिनके घर तुम उत्सव देषन कों जात हो तब महादेव जीनें कह्यो जो वे बडे भगवद्भक्त हें तब वा ब्राह्मणनें कही जो मोहू कों भगवद्भक्त करो तब महादेवजीनें कह्यो जो सेठ पुरुषोत्तम दास के पास तू जायकें नांम ले आउ तब वा ब्राह्मणनें कही जो तुम ही मो कों नांम देउ तब महादेव जीनें कही जो में तो कों नांम देंउगो तो सही परि मेरो दीयो नांम तो कों फलेगो नाही तातें तू सेठ पुरुषोत्तम दास के पास नांम ले आउ वे तो कों नांम देंयगे तब वह ब्राह्मण सेठ पुरुषोत्तम दास के पास नांम लेबे गयो सो आय कें भीतर षबर करवाई जो एक ब्राह्मण आयो है तब सेठ पुरुषोत्तम दासनें कही जो बेठारो मां थो षाली करन आयो होयगो तब सेठ पुरुषोत्तम दास सेवा सों पहुचि कें बाहिर आए तब वा ब्राह्मणनें दंडोत कीनी तब सेठ पुरुषोत्तम दासनें कही जो ऐसें अनुचित क्यों करत हो हम क्षत्री तुम ब्राह्मण ऐसें यों न घ

टेहे तब वा ब्राह्मण नें सेठ पुरुषोत्तम दाससों क
ह्यो जो हम कों नांम देउ तब सेठ पुरुषोत्तम दासनें क
ह्यो जो हूं तो नांम नाहीं देउंगो बहुरि ब्राह्मणनें
बहुत आग्रह कीनों परि पुरुषोत्तम दासनें नांम न-
दीयो तब वह ब्राह्मण महादेवजी के पास आयो-
तब कह्यो जो सेठ पुरुषोत्तम दास नांम नाहीं देत
तब महादेवजीनें कह्यो जो तू फेरि जा हमारो नां
म लीजियो जो मोकों श्री महादेवजीनें पठायोहे तु
म सों महादेवजी नें कह्योहे तब वह ब्राह्मण फेरि
सेठ पुरुषोत्तम दासके पास आयो और कह्यो
जो मोकों महादेवजी नें पठायोहे तातें मोकों
नांम देउ तब सेठ पुरुषोत्तम दासनें वा ब्राह्मण
कों नांम दीयो नांम सुनायके हाथ जोरिकें श्री
कृष्ण स्मरन कह्यो तब वा ब्राह्मणनें कह्यो जो
अब मोकों प्रनाम क्यों करत हो तब सेठ पुरुषोत्त
म दासनें कह्यो जो अब तुम भगवद् भक्त भए-
मेरे तुम वंदनीय हो तुम्हारे और हमारे वंदनी
य श्री आचार्यजी महाप्रभू हें मेंतो श्री आचा
र्यजी महाप्रभून की कृपातें नांम देत हों पाछें वा

ह ब्राह्मण श्री आचार्यजी महाप्रभून के पास आ
डेल आयो तब श्री आचार्यजी महाप्रभून के पास नाम
समर्पण करवायो पाछें कितेक दिन रहिकें श्री आचा
र्यजी महाप्रभून के ग्रंथ पढे ॥ वार्ता प्रसंग २ ॥ बहुरि
एक समें सेठ पुरुषोत्तमदास बैठे बैठे मंदिर वस्त्र कर
तहुते इतने हीमें गोपालदास बेटा श्री ठाकुरजी
को सेंन भोग सराय बेकों मंदिरमें न्हाय कें आयो त
ब देषें तो सेठ पुरुषोत्तमदास बैठे बैठे मंदिर वस्त्र कर
तहें तब गोपालदास के मन में आई जो अब तो से
ठजी वृद्ध भएहें तातें में सेवा में तत्पर होंउ तो आछो
तब यह बात गोपालदास के मन की सेठ पुरुषोत्तम
दासनें जानी तब कह्यो जो बेटा आगें आउ तब गोपा
लदास जायकें देषें तो वर्ष बीस तथा पचीस के बैठे-
हैं तब पुरुषोत्तमदासनें कह्यो जो बेटा यह भगवदी
यन की मन में न लावनी भगवदी सदा तरुन हैं परि
अवस्था होय ताकों मांन दीयो चाहिये वार्ता प्रसंग ३
बहुरि एक समें सेठ पुरुषोत्तमदास झाडखंड में मंदार
मधुसूदन ठाकुर हैं सो पर्वत ऊपर मंदिर है पर्वतको
नाम मंदार पर्वत है ताऊपर ते मनुष्य गिरे तो चोर

नलगे और अपने सब पाप कहि कामना करि
गिरे तो देह छूटे पाप दूर होंय और जो कामना करी
होय सो दूसरे जनम में सिद्धि होय वह ऐसो स्थल है तहां
एक समें श्री आचार्यजी महाप्रभू पधारे हुते तहां
सेठ पुरुषोत्तमदास और एक ब्राह्मण श्री आचा
र्यजी महाप्रभून को सेवक सो दोऊ जने मंदार मधु
सूदनजी के दर्शन कों पर्वत ऊपर चढे सो उहां जायकें
मधुसूदनजी को दर्शन कीनो पाछें रात्र पर गई तातें
उहांई सोय रहे पाछें रात्रि कों उहां एक सिद्ध ब्राह्मण
आयो तिननें सेठ पुरुषोत्तमदास के साथ के ब्राह्मण
सों पूछो जो तुम कोंन हो तब वह बोल्यो जो हम वैष्ण
व हैं श्री आचार्यजी महाप्रभून के सेवक हैं तब वा
सिद्ध ब्राह्मण नें कह्यो जो मेरे पास एक मणि है सो
तुम लेजाउ तो लेउ तब वा वैष्णव नें कह्यो जो यह
मणि कोंन काम आवत है तब सिद्ध ब्राह्मण नें क
ही जो यह मणि ऐसी है जो मांगे सो देत है तब वा
ब्राह्मण नें कही जो मैं तो विरक्त हों मैं मणि लेकें क
हा करूं परि मेरे साथ एक क्षत्री है सो वह ग्रहस्थ
है सो वह सेवत है जो वा कों देउ तो जगाऊं तब

वा सिद्ध ब्राह्मण नें कही जो जगावो तब वा वैष्ण
व नें सेठ पुरुषोत्तम दास कों जगायो और कही
जो यह ब्राह्मण मणि देत है सो तुम लेउ तब सेठ पु
रुषोत्तम दासनें कही जो यह मणि कौंन कांम आ
वत है तब वा मणि को प्रभाव कह्यो तब सेठ पुरुषो
त्तम दास नें कह्यो जो यह मणि हमारे कांमकीनाहीं
तातें हूं तो न लेंउगो तब सिद्ध ब्राह्मण फिरि गयो तब
सेठ पुरुषोत्तम दासके संग ब्राह्मण हुतो तानें सेठ पुरुषो
त्तम दास सों कह्यो जो तुम तो ग्रहस्थ हो बहुत कुटंबी
हो तुम्हारें माथे सेवा है तुमनें मणि क्यों न लीनी तु
मकों तो मणि लेंनीं उचित हो तब सेठ पुरुषोत्तम
दासनें कह्यो जो अरे ब्राह्मण बावरे में श्रीठाकुरजी
को तथा श्रीआचार्यजी महाप्रभून को आश्रय छोडि
कें कहा मणि को आश्रय करूं तेंनें मणि क्यों न लीनी
तब वानें कह्यो जो में तो विरक्त हों में मणि लेकें कहा
करूं मोकों जगदीस सेर चून देयगो तब सेठ पुरु
षोत्तम दास नें वा वैष्णव सों कह्यो जो तोकों जगदीस
सेर चून देयगो तो मोकों कहा जगदीस दस सेर चून
न देयगो जगदीस कें काहू बात की न्यूनता है ऐसें

कहि कें दोऊ जनेननें ब्रह्मणिन लीनी वेसेठपु
रुषोत्तम दास श्री आचार्यजी महाप्रभूनके ऐसेकृपा
पात्रभगवदीयहैं वार्ताप्रसंग४ वहुरि एक समेंश्री
आचार्य जी महाप्रभू सेठ पुरुषोत्तम दास केघरपधारे
तब दामोदर दास हरसानी श्री आचार्यजी महाप्रभून
के साथ हे सो श्री आचार्यजी महाप्रभू ननें सेठ पुरुषो
त्तमदासके सेव्य ठाकुरजी श्री मदन मोहन जी कों पं
चामृत स्नान करवायो और आपु पाक करि श्रीठा
कुरजी कों भोग समर्प्यो भोग सराय अनोंसर क
रि श्री आचार्यजी महा प्रभू आप भोजन कीयो त
ब दांमोदर दास हर सांनी नें श्री आचार्यजीमहाप्र
भून सों पूछो जो राज यह कहा तब श्री आचार्यजी
महा प्रभू ननें कह्यो जो यह मेरी आग्या तें नामदे
तहै तथापि मोकों याकी इतनी मर्यादा राषीचा
हिये सो वे सेठ पुरुषोत्तमदास श्री आचार्यजीमहा
प्रभू नके ऐसे परम कृपा पात्र भगवदीय हे तातेंइ
नकी वार्ता को पार नाहीं सो अब कहां तांई लिषि
ये ॥ वार्ता प्रसंग ॥५॥ वैष्नव ॥८॥ संबंध ४१॥
अबश्री आचार्यजी महाप्रभू नके

सेवक सेठ पुरुषोत्तम दास
की बेटी रुक्मिनी ता
की वार्त्ता है

सो एक समें श्री गुसांई जी कासी में पधारे हुते त
ब तहां सूर्य ग्रहन आयो तब श्री गुसांई जी मन क
र्णिका स्नान कों पधारे तब रुक्मिनी हू श्री मदनमो
हन जी कों स्नान कराय कें आप मन कर्णिका स्ना
न कों गई श्री गुसांई जी पधारे जानि कें तब श्री गु
सांई जी सों वैस्नवनने कह्यो जो महाराज सेठ पुरुषो
त्तम दास की बेटी रुक्मिनी आई है तब श्री गुसांई
जीनें कह्यो जो रुक्मिनी आगें आउ तब अपने पास
बुलाय लीनी तब श्री गुसांई जी नें पूछ्यो जो तू कि
तेक दिन पाछें गंगा स्नान कूं आई है तब रुक्मिनी
नें कह्यो जो महाराज चोबीस वर्ष पर्यंत पाछें आई
हों तब यह सुनि कें श्री गुसांई जी को हृदो भरि आयो
और कह्यो जो एसी भगवदीय जिन को एक क्षण हू
अवकास नाहीं है जो गंगा स्नान कों आवे श्री गुसां
ई जी बहुत प्रसन्न भए और रुक्मिनी कों देषि कें
श्री गुसांई जी कहते जो श्री ठाकुर जी या के आगें

कबहीं पगे ॥ वार्ता प्रसंग ॥ २ ॥ बहुरि क्षत्री लोग
सब कार्तिक मासमें गंगा स्नान करते तब रुक्मिनी
नें सेठ पुरुषोत्तम दास सों कह्यो जो तुम आग्या क
रो तो मेंहूं कार्तिक स्नान करूं तब सेठ पुरुषोत्तम
दास नें कह्यो जो भलें ई स्नान करि जो चहिये सो
लीजिये तब रुक्मिनी नें कह्यो जो षांड घृत दिवाय
देउ मै दातो घरमें हे तब सेठ पुरुषोत्तम दासनें षांड
घृत दिवाय दीयो तब रुक्मिनी पहर रात्र पिछली रहे
जब उठे सो नौतन सामग्री करिकें समय समय राजभो
गलों श्री मदन मोहनजीकों समर्पें फिरि उ स्थापन
सों सामग्री करे सो सेंनभोग लों समर्पें ऐसे कातिक
मास में करे और वैसाष में सीतल सामग्री करे श्रीठा
कुरजी कों आरोगा बे सो प्रसाद वैस्नवन कोंलिवा
वे या भांतिसों करे सो एक दिन सेठ पुरुषोत्तम दा
सनें रुक्मिनीसों कहीजो रुक्मिनी तू स्नान कबकर
तहे तो कोंजात कबहू देषियत नाहीं तू कार्तिक कों
न वेर न्हातिहे तव रुक्मिनी नें कह्यो जो मोकों स्ना
नसों कहा कांम हे में तोया भांतिसों करत हों तब य
ह सुनिकें सेठ पुरुषोत्तम दास बहुत प्रसन्न भए-

श्री गुसांईं जी आप श्रीमुषतें सराहना करते रुक्मि-
नी ऐसी कृपा पात्र भगवदीयही ॥ वार्ता प्रसंग २॥ ब
हुरि कितेक दिनमें रुक्मिनीकी देह आसक्ति भई तब
रुक्मिनीनें कह्यो जो अब यह देह छूटे तो भलो है-
श्री ठाकुरजीकी सेवा नहोय आवे तो यह देह कौन
कामकी है तब कितेक दिन पाछें रुक्मिनी की देह
छूटी सो एक वैष्णव नें श्री गुसांईं सों कही जो मह
राज रुक्मिनीनें गंगा पाई तब श्री गुसांईंजी श्री मु
षतें कहें जो एसें मति कहो जो रुक्मिनी नें गंगा पाई
ऐसें कहो रुक्मिनी गंगा नें पाई वह रुक्मिनी श्री
आचार्यजी महाप्रभून की ऐसी कृपा पात्र भगव-
दीयही तातें इनकी वार्ता अनिर्वचनीय है सोक
हां तांई लिषिये॥ वार्ता प्रसंग ३॥ वैष्णव ८९॥

अब श्री आचार्यजी महाप्रभून के
सेवक सेठ पुरुषोत्तम दास
को वेटा गोपालदास
ताकी वार्ता

सो गोपालदास सों श्री मदनमोहनजी सानुभाव हुते
जो चहिये सो मांगि लेते एसें सदैव कृपा करते बहुरि

गोपाल दास कीर्तन बहुत करते और गोपालदा
सकी देह आसक्ति भई तब भगवद नाम को उच्चार
करते तब श्री मदन मोहनजी आप हुंकारी देते ऐसी
कृपा करते श्री आचार्यजी महाप्रभून के ग्रंथ सुबो
धनीजी श्री भागवत निबंध और रहस्य ग्रंथ सों स
ब पाठ करते भगवद लीला में मग्न रहते सदैव ली
ला को विचार करतें ऐसें करिकें सर्व काल विलीन
कीयो पाछें देह छूटी तब श्री गुसांईजी नें सुनी
जो गोपाल दास की देह छूटी है तब आप श्रीमुख
ते कही जो गोपाल दास की सराहना करी सो वे गो
पाल दास ऐसे भगवदीय हे ये सब वार्ता सेठ पुरु
षोत्तम दास के परिवारि की भई ताते इनकी वार्ताको
पार नाहीं सो अब कहां तांई लिषिये॥ वार्ता प्र
संग १॥ वैष्णव ११॥

अब श्री आचार्यजी महाप्रभून के
सेवक राम दास सारस्वत ब्रा
ह्मण ताकी वार्ता

सो वे राम दास श्री ठाकुरजी की सेवा नीकी भांति
सों करते अपरस में जल भरते बीड़ा हू अपरसमें

राषते या प्रकार सों करते सो रामदास के पास द्रव्य बहुत हुतो सो कितेक दिन पाछें वह द्रव्य षरच भयो थोरो सो द्रव्य आय रह्यो तब मन में बिचारी जो कछू आवत होय तो भलो है तब तादिन ते वह द्रव्य ताती नकों व्याज दीनों तब व्याज बहुत आवन लाग्यो लो भके लीए तातीन को व्योपार कीयो पूर्व देसमें फटे वस्त्र बुनत हैं तिनसों ताती कहत हैं तब रामदास जी के सेव्य श्रीठाकुरजी श्री नवनीतप्रियाजी नें कह्यो रामदास तू तो हमकों तातीन पर राषत है तब रामदासजी यह वात सुनिकें चोंकि उठे और कह्यो जो महाराज मोसों चूकि परी तब रामदासजी तातीन पर गए और कह्यो जो मेरो द्रव्य देउ तब उन तातीन नें रामदासजीसों पूछी जो यह कारन कहा है सो द्रव्य मांगत हो तब रामदास जीने कह्यो जो में कहा करूं मोकों तो लरिका संग कांम पर्‍यो है तातें लरिका को मन राख्यो चहिये तब तातीन नें कह्यो जो हम द्रव्य इकठोरो करत हैं तब कितक दिन पाछें उन तातीन नें द्रव्य दीयो सो द्रव्य लेकें घर आए फेरि वैसें ही सेवा करन लागे सो सब द्रव्यनि

बढ्यो तव बनियां न कीदुकांनतें उचापति करन लागे तब रिण मांथें वहुत भयो तब उचापति बनियां की दुकांन ते दुरि कीनी और बनियां की दुकांन तें उचा पति करन लागे परि वा वनियां की हाट के आगें होयकें निकसते नाहीं और गैल्ल होयकें जाते तव एक दिन वा बनियां नें रामदास सों कही जो भलो तुम मेरी दुकांन के आगें होय कें नांही निकसतहो और उचापति नाही करत तो मेरो लेषोकारिकें मेरो पैसा चुकाय देउ तगादो वहुत करडो कीयो तब श्री ठाकुरजी रामदासजी को स्वरूप धरिकें वा बनियां की हाठ ऊपर गए और श्री मुख तें कही जो लेषो लाउ पैसा चुकाय देउ तब वा बनियां नें बही देषि लेषो करिकें पैसा चुकाय दीयो रुपैया एक सों अधिको दीए श्री ठाकुरजी आप श्री हस्तसों लिषि आए परि यह वात रामदासजी नें न जानी तब एक दिन रामदास जी कों बुलाय वे वैष्णव आए तब उन वैष्णवन के पाछें पाछें रामदास जी गए सो रामदासजी वा बनियां की हाट के आगें होय कें निकसे तब आनी कांनी देकें निकसे इतने में वा बनियां नें क

ही जो राम दासजी तुम मेरी हाटतें उचापत नांहींक
रत सो तो मेरो अभाग्य है परि तुम्हारो मोपें अधिक
द्रव्य है सो तो उठाय लेउ तब रामदासजीनें कह्यो
जो उहांते फिरि आवत हों तब रामदासनें मनमेंवि
चार्यो जो मेंतो याकों कछू दीयो नाहीं और यह क
हत है जो तुम्हारो अधिको द्रव्य है सो तो उठाय ले
उ यह कारन कहा है परि जानीयत है जो यह श्रीठा
कुरजी की औरतें कामभयो है पाछें रामदासजी
वैष्नवन के घरतें आए तब वा बनियां की हाटपे
जायकें लेषो मांग्यो कह्यो जो लेषो लाउ तब वाब
नियां नें कह्यो जो कहा लेषो देषोगे तब वा बनियां
नें बही दिषाई तब वही में रामदास जीनें श्रीठाकु
रजी के हस्ताक्षर देषे तब चुपकरि रहे तब घर आ
य रामदासजीनें स्त्रीसों कही जो हूं तो घरमें नाहीं
रहूंगो चाकरी करूंगो तब सिपाईगीरीको बि
चार कीयो तब घोडा मोल लीयो सब हथियार बां
धन लागे तब जल और बीडा अपरसमें लेत हे सो
अपरस छूटी बिना अपरस में लेन लागे सो कितेक
दिन पाछें रामदासजी अडेल आए सो हथियार बां

धें हीं जाय कें श्री आचार्यजी महाप्रभूनके दर्शन की
ने दंडवत कीनी तब श्री आचार्यजी महाप्रभूननें
श्री मुखते धन्य धन्य कह्यो जो रामदास तू धन्य है
तब और वैस्नव पास बैठे हे सो कहन लागे जो महा
राज अब याकों धन्य क्यों कहत ही अब तो यह अप
रस तासों नाहीं रहत है सिपाईनमें चाकरी करत-
है तब श्री आचार्यजी महाप्रभूननें कही जो य
ह धन्य याते है जो श्री ठाकुरजी कों श्रम नाहीं क
रवावत याकी बराबर कोऊ धीरजवंत नाही औ
र श्री आचार्यजी महाप्रभू आप तास में गंगास्ना
न कों पधारे तब मार्ग में एक षाड देष्यो तब श्री-
आचार्यजी महाप्रभूननें कह्यो जो यह षाड अज
हूं भर्यो नाही सो इतनों कहत ही वैस्नव सब षा
ड भरन लागे वागो पहरें हीं तब रामदास जी हू
राकटो करालेकें षाड भरन लागे तव श्री आचार्य
जी महाप्रभू स्नान करिकें पधारे तव तांई षाड भ
रि दीनों तव रामदास जी कूं देषि कें श्री महाप्रभूजी
बहुत प्रसन्न भए ॥ प्रसंग ॥ १ ॥ और रामदासजी
कें कछू संतति न हुती तव स्त्रीनें रामदासजी सों क

ह्यो जो तुम और विवाह करो तो तुम्हारें वालकहो
य तब रामदासजीनें कह्यो जो हम कों तो वालककी
इच्छा नांही तब स्त्रीनें कह्यो जो मोकों तो वालक
की इच्छा है तब रामदासजीनें कह्यो जो तोकों बा-
लक की इच्छा है तो हमारे श्रीनवनीतप्रियाजी
की वाल भाव सों सेवा करि जेसे बालक कूं षवाई
ये प्याइये षिलाईये हित करिये तैसें तुम श्रीनव-
नीतप्रिया जी कों लडवो तब तेरें वालक होयगो तब
रामदासजी की स्त्रीनें श्रीनवनीतप्रिया जी की बा
लभाव सों सेवा करी सो या प्रकार सों सेवा करी जो
वालक भयो है सो वे रामदासजी श्री आचार्य जी-
महाप्रभून के ऐसे कृपापात्र भगवदीय है ता तें इन
की वार्ता को पार नांही सो इन की वार्ता अब कहां
तांई लिषिये ॥ वार्ता प्रसंग ॥ २ ॥ वैष्णव ॥ ७ ॥

अब श्री आचार्य जी महाप्रभून के सेवक
गदाधरदास सारस्वत ब्राह्मण
कडा में रहते तिन की वार्ता

सो गदाधरदास के माथें श्रीमदनमोहनजी की सेवा
हुती सो श्री ठाकुरजी बडे गौर हुते सो नित्य प्रति जे

सो उनके जिजमान कें सों आवतो तेसो श्रीठाकुरजी
कों समर्पिते सो एक दिन जिजमान कें सों कछू आयो
नाहीं तब जल ही छांनि के समर्प्यो परि मनमें बहुत
षेद भयो छाती में अगिनसी उठी ऐसें करत रात्र परग
ई तब एक जिजमान द्वारे पै आय पुकार्‍यो औरक
ही जो किवाड षोलो तब गदाधरदासनें किवाड
षोले तब वा जिजमान नें एक वागो और चारिरु
पैया और कछू सामग्री गदाधरदास कों दीए औरक
ही जो आज मेरे पिता को श्राद्ध दिन हुतो ताकी यह
दक्षणा लेउ तब गदाधरदास नें लीनी सो वा गो सा
मग्री घरमें धरिकें आप बजार में गए सो एक हलवा
ई मिठाई आछी करत हुतो ताकी हाट पै गए तब जा
यकें वा हलवाई सों पूछी जो तेरें मिठाई आछी है त
ब वा हलवाई नें कह्यो जो मिठाई जलेवी अबही
कीनी है यामें ते बेची नाहीं तब जलेवी तुलाय
मोल देकें घर आए तब गदाधरदास आयकें स्नान
करि श्रीठाकुरजी कों भोग समर्प्यो समयानुसार
भोग सराय आनोसर करि कें पाछें वैष्णवनकों बु
लाय महाप्रसाद सबनकों लिवायो सो अति आनं

किकस्वादभयो ऐसो जो कछू कह्यो नजाय सोसब
महाप्रसाद बैस्नवन कों लिवायो और आपुभूषे
ही सोय रहे पाछें सवारें उठि सीधो सामग्रीलाए त
वस्नानकरि रसोई करी श्रीठाकुरजीकीसेवाश्रृंगा
र करि श्रीठाकुरजी कों भोग समर्प्यो भोगसराय
बैस्नव फेरि बुलाए जब बैस्नव प्रसाद लेवे कों बैठे-
तबपूछनलागे जो रात्रकोमहाप्रसाद हमनें लीयो
सो बहुत स्वादभयो सो क्यों करि समर्प्यो तबगदाध
रदासनें सब प्रकार कह्यो तब सब बैस्नव बहुतप्रस
न्नभए और कह्यो जो गदाधरदासनें सत्य कह्यो॥
वार्ताप्रसंग॥२॥ बहुरि एकदिन गदाधरदासनें सब
बैस्नव महाप्रसाद कों बुलाए हुते परि साकसाजन
कछूनहुतो तबगदाधरदासनें कही जो ऐसो कोऊ
बैस्नव है सो साकले आवे तब तिनमें एक बैस्नवबे
णीदास को भाई माधोदास सो बडोविषई हुतो ता
नें बेस्या घरमें राषी हुती तिननें कह्यो जो में लेआऊं
गो तब गदाधरदासनें कह्यो जोभलें ले आवो त
ब माधोदास गयो सो बथुवा की भाजी ले आयो सो
माधोदासनें नीकी भांतिसों दीनी रसोई में पाछें र

रसोई सिद्धि भई तब श्री ठाकुरजी कों भोग समर्प्यो पाछें भोग सराय अनोसर करिकें वैष्नवन कों महाप्रसाद लेंन वैठाए परिव्रह्म भाजी अति स्वाद भई तब गदाधर दासनें माधोदास को आसीर्वाद दीयो जो तू हरि भक्त दृढ होयगो पाछें गदाधर दास के आसीर्वाद तें माधोदास भलो वैष्नव भयो सो वे गदाधर दास श्री आचार्यजी महाप्रभून के ऐसे कृपा पात्र भगवदीय हुते तातें इन की वार्ता को पार नांही तातें इनकी वार्ता अब कहां तांई लिषिये ॥ वार्ता प्रसंग ॥२॥ वैष्नव ॥८॥ संबंध ॥४९॥

अब श्री आचार्यजी महाप्रभून के
सेवक बेणीदास माधोदास दोऊ
भाई तिन की वार्ता है

सो बडे भाई वेणीदास छोटे भाई माधोदास सो माधोदास वही जो गदाधर के घर बथुवा की भाजी ले आयो हो सो माधोदास बडो बिषई हुतो तानें घर में वेस्या राषी हुती तातें सब वैष्नव माधोदास की निंद्या करते सो बात श्री आचार्यजी महाप्रभूननें सुनी जो माधोदास बडो विषई भयो है घर में वेस्या राषी है सो

एकदिन श्रीआचार्यजीमहाप्रभूननें माधो दास सों पूछो जो क्यों रे माधो दास तेंनें घर में बेस्या राषी है तब माधो दास नें श्री आचार्य जी महाप्रभून सों कह्यो जो महाराज मेरो मन आसक्ति भयो है तासों राषी है तब श्री आचार्यजी महाप्रभू आप चुप करि रहे सो तीनि वेर आपनें माधो दास सों पूछो तब तीन्यों वेर माधो दासनें यों ही कही जो महाराज मेरो मन वासों आसक्ति भयो है तासों राषी है तब वैष्णवननें श्री आचार्यजी महाप्रभून सों कही जो महाराज अबलों तो आप की कांनि ही परि अब तो तुम्हारे आगें कह्यो तासों तुमनें तो कछू न कही तब श्री आचार्यजी महाप्रभून नें उन वैष्णवनसों कही जो वाको मन वासों आसक्ति भयो है सो श्री ठाकुरजी कों फेरितें कितनी कवार लागेगी और गदाधर दास नें वाकों आसीर्वाद दीयो है जो तो कों हरि भक्त दृढ होयगी सो यह माधो दास है तब कितेक दिन पाछें माधो दास की बुद्धि श्री ठाकुरजीनें फेरी तब तो वानें बेस्या दूरि कीनी पाछें श्री आचार्य जी महाप्रभून की कृपातें माधोदास भलो वैष्णव भयो वार्ताप्रसं

ग॥१॥ वहुरि कितेक दिन पाछें एक माला मोती
न की बहुत सुंदर बहुत मोलकी विकबेकोंआ
ई सो देषिकें माधो दासनें वडेभाई वेणीदास सोंक
ह्यो जो यह माला श्री ठाकुरजी के कंठ लायकहेत
व बड़ेभाई वेणीदास नें कहीजो यह माला कीक
हा है हमारे पास जो है सोसब श्री नवनीतप्रियाजी
कोहै ऐसें कहिकें बात टारिदीनी तब माधोदास
नें कही जो अपने घरमें है सो सब श्री ठाकुरजीको
है तो माला क्यों न लेउ तब बडेभाई वेणीदास
नें कही जो हम गृहस्थहैं हमकों बिबाह काजस
ब करनों है ऐसें क्यों वनें तब छोटे भाई माधोदा
सनें कही जो हूंतो न्यारो होऊगो सो न्यारोभयो
द्रव्यसब बांटि लीनों सोद्रव्य की बस्तुलेकें दक्षण
गयो तव बस्तुसबबेची तव व्यवहार करिकें द्रव्य
बहुत उपज्यो तव एक मालामोतीन की पहलेमो
लले उत्तमोत्तमलीनी सोमाला लेकें घरकोंचले
सो आवत बाटमें एक बडीनदी आई तब नाव-
में बैठे तब श्री नवनीतप्रियाजी लालछडी हाथ
में लेकें आए और कह्यो जो नाव डुबाऊं तबमाधो

दासनें कही जो निजे ह्यात: करिष्यति: तव श्री
ठाकुरजी नें कही जो तू क्यों गयो हो तब माधोदा
सनें कही जो महाराज में माला लेंन गयो हो तब
श्री नवनीत प्रियाजी नें कही जो हमारे का माला
न हुती हमारें माला बहुतेरी हैं तब माधो दासनें
कह्यो जो तुम्हारें माला वहुतेरी हैं परि सेवक
कों तो उपाय करनों तब नाव डूबते सों रही जि
तने मनुष्य नाव मे बैठे हुते ते सब हलकलक
रन लागे औार माधोदास को मन प्रसन्न हुतो त
ब सबन के मनमें आई जो ए बडे महा पुरुष हैं
पाछें माधोदास उहांतें घर आए तब श्री आचार्य
जी महाप्रभून कों दंडोत कीनी औार हाथमें
माला दीनी तव श्री आचार्य जी महाप्रभूननें
कही जो नाव डूबतते कैसें रही तब माधोदास
नें सब समाचार कहे तब औार वैष्णव पास वैठे
हुते तिननें श्री आचार्य जी महाप्रभून सों कही
जो वही माधो दास है जो श्री महाप्रभून की कृपातें
श्री ठाकुरजी नें माधो दास को मन फेर्यो औार भगव
द्भाव उत्पन्न भयो औार ग्रन्थ ऊपर आसक्ति ता हु-

नी सो श्री ठाकुरजी के ऊपर भई सो माधो दासऐ-
से भगवदीय हे तातें इन वेणी दास माधो दासकी
वार्त्ता को पार नाहीं सो इन की वार्त्ता कहांतांई
लिषिये ॥ वार्त्ता प्रसंग ॥ २ ॥ वैष्नव ॥ ८९ ॥

अब श्री आचार्यजी महाप्रभून
के सेवक हरिबंस पाठकसार
स्वत ब्राह्मण वनारसमें
रहते तिनकी वार्त्ता

सो वे हरि बंस पाठक पटना में गए हे सो उहांके हा
किम सों वहुत मिलापहुतो सो वह हाकिम अपनेम
नमें कहे जो ए मेरे पास कछू मांगें तो मे इनकों देंउ
परि वे कछू मांगें नाहीं यों करत डोलउत्सवके
दिन द्वे रहे तब अपने सेव्य ठाकुरजी हुते तिननें
स्वप्नमें जताई जो तू मोकों डोल न झुलावेगो तब
हरि बंस पाठक नें अपने मन में विचास्यो जो अब
कहाकरूं तब हरि बंस पाठक हाकिम पास गए सो
जाय कें कही जो आपके पास कछू मागन आ-
यो हूं सो मोकों दीयो चाहिये तब राजानें कही-
जो कहा चहिये तब हरि बंस पाठक नें कह्यो-

जो मो कों दिन छे में बनारस पहुचनों है तब हाकिम
नें कह्यो जो भलो तब हाकिम नें घोड़ा और मनुष्य
साथ दीए थे छे में डांक चौकी नांई ऐसें करत अपने
घर आए पाछें आप मंदिर में आयकें डोल सिद्धि
कीयो डोल की सामग्री सब सिद्धि करि कें पाछें श्री
ठाकुरजी कों डोल बैठाए बहुत सुष भयो सो थोरे
से दिन पाछें फिरि पटना गए तब हाकिम नें कही जो
तुम कों ऐसी कहा जलदी हुती तब हरि वंस पाठक
नें कही जो कछू कांम हुतो परि मन की बात कछू
न कही सो वे हरि वंस पाठक श्री आचार्य जी महा
प्रभून के ऐसे कृपापात्र भगवदीय हे ताते इन की
वार्ता अनिर्वचनीय है सो कहां तांई लिषिये ॥

वार्ता प्रसंग ॥२॥ वैष्नव ॥१०॥ संबंद ॥५२॥

अब श्री आचार्यजी महाप्रभून के से
वक गोविंद दास भल्ला ति
न की वार्ता

सो गोविंद दास भल्ला की गांठि में द्रव्य बहुत हु
तो सो श्री आचार्यजी महाप्रभून के सेवक भए त
ब गोविंद दास नें श्री आचार्यजी महाप्रभून सों पू

ह्यो जो महाराज मेरी गांठिमें द्रव्य है सों में कहा करूं तब श्री आचार्यजी महाप्रभून नें कह्यो जो श्री ठाकुरजी की सेवा करि तब गोविंद दास नें कह्यो जो महाराज सेवा कैसें करूं स्त्री अनकूल नांही तब श्री आचार्य जी महाप्रभून नें कह्यो जो तू स्त्री को त्याग करि तब गोविंद दासनें स्त्री को त्याग कीयो पाछें कही जो महाराज द्रव्य को कहा करूं तब श्री आचार्यजी महाप्रभून नें कह्यो जो अब द्रव्य को च्यारि विभाग करि तब गोविंद दासनें द्रव्य के च्यारि वट कीये तब फेरि कह्यो जो महाराज अब कहा आग्या है तब श्री आचार्यजी महाप्रभूननें कह्यो जो एक विभाग तो श्री नाथजी कों समर्पि और एक विभाग अपनी स्त्री कों दे और एक विभाग सेवा के लीऐ तू राषि तब गोविंद दासनें कही जो महाराज कछू आप अंगीकार करिये तब श्री आचार्यजी महाप्रभून नें कह्यो जो भलो एक विभाग हमें दे तव सव विभाग जहां के तहां देकें अपने वट को द्रव्य लेकें आपु महावन आय रहे सो महाप्रसाद वैष्नवन

कों लिवाइते बैस्नवन मिलेतो गायन कोषवाव
ते तामें ते आप रंचक हू न लेते आपुन्यारी ली
टी करि भोग समर्पि कें लेते ऐसी भांति सों सेवा
करते सो सब द्रव्य निवट्यो तब श्री गोवर्द्धन ना-
थ जी की सेवा में आप रहे तब श्री गोवर्द्धन ना
थ जी की परचारगी करते रसोई की टहल सब क
रते दोऊ वार के पात्र मांजते और रात्रि डेढ तथा
सवा पहर पाछली रहती तब उठते सो गागरि त
हां ते लेकें चलिते सो मथुरा में बिश्रांति स्नान क
रिकें श्री यमुना जल की गागरि भरिकें चलते सो
राज भोग पहलें आप पहुंचते वहुरि पात्र मांजि
रसोई पोत आपनी सब सेवा सों पहुंचि कें नीचें
आवते पाछें तिलक पोंछि माला उतारि गांठि बां
धिकें आस पास के गांमन ते कोरी भिक्षा मांगि ला
वते सो सेर चारि पांच की अहार करते सो अहार
मांफक जुरतो तब आवते तब आपु पीसि रोटी-
करि श्री नाथजी की ध्वजा के सन्मुख दिषयतामें
चरणोदक मिलाय प्रसाद लेते ऐसें निर्वाह करते
तब ऐसी भांति करत बहुत दिन बीते परि यह बात

श्री नाथजी कों न भावे तब श्री नाथजी नें श्रीआ
चार्यजी महाप्रभून सों कह्यो जो तुम्हारो एक सेवक
मोकों बहुत दुख देत है तब श्री आचार्यजी महा
प्रभू आप अडेल ते चले सो आगरें आए तब त
हां के बैष्नव सों श्री आचार्यजी महाप्रभून नें पू
छो जो श्रीठाकुरजी किनि रुठाए हैं तब उन बैष्न
वननें कही जो महाराज हम तो कछू जानत नाहीं
तब उहांते श्री आचार्यजी महाप्रभू श्री मथुराप
धारे तब मथुरा के बैष्नवन सों श्री आचार्यजी म
हाप्रभून नें पूछो जो श्रीठाकुरजी किनि रुठाए हैं
तब उहां के बैष्नवननें कह्यो जो महाराज हम तो
कछू समझत नाहीं तब श्री आचार्यजी महाप्रभू
उहांते श्रीजीद्वार पधारे तब श्रीनाथजी के दोऊ
कपोल हाथन सों छूइ कें कह्यो जो बाबा अपन म
ने कैसें हो तब कही जो तुम्हारो सेवक मोकों बहु
त खिजावत है तब श्रीआचार्यजी महाप्रभूननें स
ब सेवकन सों पूछो जो तुम कहा कहा सेवा करत
हों और कहा प्रसाद लेत हो तब सब नें अपनी अ
पनी सेवा कही और प्रसाद लेवे को प्रकार कह्यो

पाछें गोविंद दास सों पूछी जो तू कहा सेवा करत है तब जो सेवा करत हुतो सो सब कही और प्रसाद लेबे को प्रकार कह्यो सो सब श्री आचार्य जी महा प्रभून नें सुनों तब अपने मन में जानी जो इन रुठाए हैं तब श्री आचार्य जी महा प्रभून नें गोविंद दास भल्ला सों कही जो तुम श्री ठाकुर जी की रसोई में प्रसाद लेउ तब गोविंद दास नें कह्यो देव अंस कैसें लेउं तब श्री आचार्य जी महा प्रभून नें कह्यो जो तू हमारी रसोई में प्रसाद ले तब गोविंद दास नें कह्यो जो गुरू अंस कैसें लेउं तब श्री आचार्य जी महा प्रभून नें कह्यो जो तू सेवा मति करे तब गोविंद दास क्षत्री अहंकार सों सेवा छोड़ि कें मथुरा गए सो केसो राय जी की सेवा को हजारो पठान के पासते लीयो तब सेवा करन लागो सो एक वार श्री केसो राय जी की सिज्या निवार सों बुनाई सो सिज्या बहुत अद्भुत भई तब श्री केसो राय जी वा सिज्या के उपर पोढन लागे तब तैसी ही निवार वा गांम के हाकम नें बुनवाई परि वह निवार वैसी न भई तब वा कारीगर नें कही जो वह नि

वार तो श्री ठाकुरजी की है तब हाकमनें कही जो वह निवार में देखूंगो पाछें हाकम श्रीठाकुरजी के दिवाले में जायकें सिज्या ऊपर चढि बैठो सो गोविंददास नें सुनी तब गोविंददासनें आयकें गुसी लेकें हाकिम कों गारी दीनी जो तू कौन है सो हमारे श्रीठाकुरजी की सिज्या ऊपर बैठ्यो है ऐसें वा हाकमकों ठोर मार्यो तब हाकमके मनुष्यननें गोविंददासकों ठौर मार्यो सो यह वात श्री आचार्यजी महाप्रभूनके आगें काहू वैष्नवनें जाय कही और कह्यो जो ऐसी गति वैष्नव कों क्यों वूझिये तब श्री आचार्यजी महाप्रभूननें कही जो याके परलोकमें तो कछु हांनि नाहीं परि इन मेरी आग्या न मानी तासों याकी देह या भांतिसों छूटी है यह गोविंददास पहले जन्ममें श्रीनंदरायजी को भेंसा हुतो यानें मांटी पानी बहुत ढोयो हो सो वे गोविंददास भल्ला श्री आचार्यजी महाप्रभून के ऐसे कृपापात्र भगवदीय हे तातें इन की वार्ता को पार नाहीं सो कहां तांई लिषिये ॥ वार्ता प्रसंग ॥ १ ॥ वैष्नव ॥ १२ ॥ संबंध ॥ ४३

अब श्री आचार्यजी महाप्रभू के सेवक

७ अंम्या क्षत्राणी कडसेमें रहती तिन की वार्त्ता

सो अंम्या के दोय बेटा हुते सो दोऊ परम वैष्नव हुते आप वैष्नव हुती और वाके लरिका वासों अंम्या कहते और श्री ठाकुरजी की सेवा नीकी भांति सों करती सो वाके सेव्य ठाकुरजी श्रीबाल कृष्नजी वासों अंम्या कहते सो कितेक दिन पाछें एक बेटा वाको मरिगयो तब श्रीठाकुरजी की रसोई करि श्रीठाकुरजी कों भोग समर्पि समयानुसार भोगसराय पाछें रोवन लागी तब अंम्या कों रोवत देषि कें श्रीठाकुरजी षेद पावन लागे श्री ठाकुरजी कहें अंम्या तू रोवे मति परि वह रोवत ते रहे नाही ऐसें करत वाको दूसरो हू बेटा मरिगयो तब तो बहुत रोवन लागी तब श्रीठाकुरजी वाकों रोवते सों राषे और कहें अंम्या तू मति रोवे तब अंम्या रोवत ते रहे नाही तब श्रीठाकुरजी नें श्रीगुसांईजी सों कह्यो जो अंम्या रोवत है सो में बहुत षेद पावत हों तब श्रीगुसांईजी अंम्या के घर पधारे और कह्यो जो अंम्या तू मति

रोवे श्रीठाकुरजी षेद पावतहैं तब रोवत तेरही ओर
अंम्या सेवा को सबसाज करिकें पाछें स्नान करि
कें पाछें मंदिर में जायकें दोऊ हाथ सों सोंधो लगा
य कें श्री ठाकुरजी कें लगावे या भांति सों सेवा आ
छी तरें करती॥ वार्ताप्रसंग॥ २॥ बहुरि एक दिन
दूधको कटोरा श्री ठाकुरजी के आगें भरि राषो
हुतो तासमय श्री गुसांईजी अंम्या के घर पधा
रे मंदिर को टेरा सरकायकें दर्शन करन लागे
तब श्री गुसांईजी देषें तो श्री ठाकुरजी दूधपीव
तहैं तब श्रीगुसांईजी देषिकें पाछें फिरि आए
तब अंम्यानें कही जो बाबा पाछें क्यों फिरि आ
ए तब श्री गुसांईजी नें कह्यो जो श्रीठाकुरजी
दूधपीवतहैं तब अंम्यानें कही जो श्रीठाकु
रजी तो लरिका हैं तुम कहा जानत नांही तब
श्री गुसांईजी दर्शन करिकें पाछें फिरे और अं
म्यासों श्री गुसांईजी नें कह्यो जो यह दूध हमा
रे घर पठाय दीजियो तब अंम्या नें कह्यो जो रा
ज आपु ही तो आरोगन वारे भावें तो इहां आ
रोगो भावें उहां आरोगो पाछें श्री गुसांईजी

आपतो घर पधारे तब अंम्यानें वह दूध श्रीगुसां
ईंजी के घर पठाय दीयो सो अंम्या सों श्रीठाकुरजी
ऐसे सानुभाव हुते प्रत्यक्ष वार्ता करते जो वस्तु
चहिये सो मांगि लेते सो अंम्या श्रीआचार्यजी
महाप्रभून की ऐसी कृपा पात्र भगवदीय हीतातें
इन की वार्ता को पार नाहीं सो अब कहांतांई लि
षिये ॥ वार्ता प्रसंग ॥ २ ॥ वैष्णव ॥ १२ ॥ संबंध ॥ ५४ ॥

अब श्रीआचार्यजी महाप्रभून के से
वक गज्जन धावन क्षत्री आग
रे के वासी तिन की वार्ता

सो गज्जन धावन श्रीनवनीतप्रियाजी की सेवा नी
की भांति सों करते श्रीठाकुरजी सानुभाव हुते गज्ज
न के साथ श्री नवनीतप्रियाजी षेलते गज्जन कों
कबहू गाय करते कबहू बछरा करते तब गाय को
मुष अपने पीतांबर सों पोंछिते तब बछरा करते
तब पकरि राषते चलन न देते और जब घोरा कर
ते तब पीठि ऊपर असवारी करते जब हाथी करते
तब ग्रीवा ऊपर असवारी करते ऐसें करत गज्जन
के घुटुरू घिसि गए ऐसी कृपा श्री नवनीतप्रिया

जी गज्जन धावन के ऊपर ऐसी करते भोगसाम
ग्री जो चहिये सो मांगि लेते ऐसी कितनीकवार्ता
हैं सो कहां तांई लिषिये और एकदिन श्री नवनी
तप्रियाजी नें गज्जनधावनसों कही जो मोकों श्री
गुसांईजी श्री आचार्यजी महाप्रभून के घर पध
राय ता समय श्री आचार्यजी महाप्रभू श्री गोकु
ल मे हुते तहां गज्जन आयकें श्री आचार्यजीम
हाप्रभून सों कह्यो जो महाराज श्री नवनीतप्रिया
जी की ऐसी आज्ञा भई है जो मोकूं श्री आचार्यजी
महाप्रभून के पास पधराय तब श्री आचार्यजीम
हाप्रभून नें कही जो भलो पधराय तब गज्जनधाव
ननें श्री नवनीतप्रियाजी श्री आचार्यजी महाप्रभू
नके मंदिर में पधराये तब श्री आचार्यजी महा
प्रभूननें जैसें प्रस्ताव बन्यों तैसें पधराय भोग
समर्प्यो पाछें रात्रिकों आप बहुत सों धो लगाय
कें श्री नवनीतप्रियाजी कों अपनी सिज्या ऊप
र ले पोढे दूसरे दिन नई सिज्या करवाई ताऊ
पर पोढे परि वह सिज्या छोटी भई तब श्री नव-
नीतप्रियाजी नें कह्यो जो हूंतो या सिज्या ऊपर

न पोढूंगो तब श्री आचार्यजी महाप्रभू ननें कही
जो ऐसें कसें वनें तब श्री नवनीत प्रियाजीनें क
ह्यो जो कछू बाधक नाहीं है तब श्री आचार्यजी
महाप्रभू आप सोंधी लगायकें पासही ले पोढे
पाछें दूसरे दिन सिज्या बडी कर वाई तापर पोढा
ए तब पोढे ता पाछें थोरे से दिन रहिकें श्री आचा
र्यजी महाप्रभू श्री गोकुल ते अडेल कों पधारे त
ब गज्जन हू साथ गयो गज्जन धावन विना श्रीनव
नीतप्रियाजी एक क्षण हूं न रहते और ऐसें ही श्री
नवनीत प्रियाजी बिना गज्जन एक क्षण हूं न रह
तो तब एक दिन श्री नवनीत प्रियाजी के लिये श्री
अक्काजीनें गज्जन धावन कों पांन लेवे पठायो क
ह्यो जो पांन ले आवो तब गज्जन ऐसें तो कहि न
सक्यो जो श्री नवनीत प्रियाजी मो सों हिले हैं सो
में कैसें जाऊं तातें अन वोल्यो पान लेन कों उठि
चल्यो सो थोरी सी दूरि गयो इतने में ज्वर चढि आ
यो सो उहांई पडि रह्यो और इहां श्री अक्काजीनें
श्री नवनीत प्रियाजी कों भोग समर्प्यो तब श्रीअ
क्काजीसों श्री नवनीत प्रियाजीनें कह्यो जो गज्जन

कों बुलावो मेरो गज्जन आवेगो जब भोजन करूंगो तब श्री अक्काजीनें मनुष्य दोय बुलावन कों पठाए तब वे मनुष्य देषें तो गज्जनधावन बडी दूरि पर्यो है ज्वर चढि रह्यो है मनुष्य तहां तें बुलाय लाए तब गज्जन आप स्नान करि मंदिर में गयो तब तत्काल ज्वर उतरि गयो तब गज्जन नें श्री नवनीतप्रियाजी सों कह्यो जो बाबा भोजन क्यों नाहीं करत अब भोजन करो तब भोजन श्री नवनीतप्रियाजी नें कीयो गज्जनधावन सों श्री नवनीतप्रियाजी ऐसे सानुभाव हुते श्री नवनीतप्रियाजी ते एकक्षण न्यारो भयो जो तत्काल ज्वर चढि आयो और जब निकट आयो तब तत्काल ज्वर उतरि गयो तातें गज्जनधावन श्रीनवनीतप्रियाजी के सदा पास रहते सो वे गज्जनधावन श्री आचार्यजी महाप्रभून के ऐसे कृपापात्र भगवदीय हे तातें इनकी वार्ता को पार नाहीं सो कहांलांई लिषिये ॥ वार्ता प्रसंग ॥१॥ वैष्णव ॥२३

अब श्री आचार्यजी महाप्रभून के
सेवक नारायणदास ब्रह्म

चारी सारस्वत ब्राह्मण महाबन
में रहते तिन की वार्ता

सो नारायण दास के सेव्य श्री ठाकुर जी श्री गोकुलचं
द्रमा जी सो नारायण दास श्री गोकुलचंद्रमा जी की
नीकी भांति सों सेवा करते और गायन कों घास षवाव
ते सो धोय पोंछि कें षवावते ताको तात्पर्य यह जो
श्री ठाकुर जी दूध आरोगत हैं जो मति दूध में रज आवे
ऐसें करते और श्री आचार्य जी महाप्रभू जब श्री गो
कुल पधारते तब नित्य प्रातःकाल श्री गोकुल ते म-
हाबन पधारते श्री गोकुलचंद्रमा जी की सेवा करिबे
कों सो सेवा करि भोग समर्पि कें पाछें श्री गोकुल पधा
रते और नारायणदास जहां हाथ पाव धोयते कोंबर
हे में जाते जा ठौर ते मांटी षोदते ता ठौर द्रव्य निकस-
तो ताऊपर मांटी डारि कें उठि आवते परि द्रव्य को-
स्पर्स न करते नारायणदास ऐसे त्यागी हुते सो एक दि
न नारायण दास सोवत हुते तहां षाट के आसपास
द्रव्य के ढेर भए हुते तब नारायण दास देषें तो षाट
के आस पास द्रव्य के ढेर भए हैं तब नारायणदास नें-
भती जी सों कही जो बेटी बेगि उठि घर में वि गारब

कृत भयोहैबुहारिकें कूरोसब बाहिर डारि आउतब नारायण दास तो वरहे में देहकृत कों गए पाछें भ तीजी नें सोई कीयो सब बुहारिकें कूरे कीनांई बा हिरि डारि दीनों जागे सबलीपडारी पाछें नाराय ण दास स्नान करिकें मंदिर में गए तब सेवासिंगारस ब करिकें श्री ठाकुरजी के साम्हें देखें सो श्री ठाकुरजी नें नारायण दास को अति सुंदर दर्शन दीयो तब अ ति प्रसन्न श्री ठाकुरजीकों देखिकें नारायण दासनें कह्यो जो महाराज यह घटा काहे कों उनहीहैं न जानें कहां वरसेंगी पाछें आपही कह्यो जो यह घटा श्री आचार्यजी महाप्रभूनकोसरवस्व हेउहां बरसेंगी पाछें नारायण दास श्री गोकुलचंद्रमाजी कों राजभोग समर्पिकें बाहिर आय बैठे तब ह्र दो भरि आयो जो श्री ठाकुरजीकों न भांतिसों- आरोगत हें ऐसा बिचार मनमें लाए तब भतीजी नेंकही जो श्री आचार्यजीमहाप्रभून के सेवक जहां भोग समर्पत हें सो श्री आचार्यजी महाप्रभू नकीकांनिते आरोगत हें सो तुमतो श्री आचार्य- जी महाप्रभून के सेवक परम कृपापात्र भगवदी

यहो तातें तुम्हारो समर्प्यो क्यों न आरोगेंगे तुमसं
देह क्यों करत हो तब नारायणदास नें कह्यो
जो बेटी आरोगेंगे जब जानियें तब कोई वैस्न
व अपने घर आय अचानक महाप्रसाद लेय
तब जानियें जो श्री ठाकुरजी आरोगे होंयगे वै
ष्नव ऊपर नारायणदास को ऐसो भाव हुतो ॥
वार्त्ता प्रसंग ॥ २ ॥ बहुरि एक दिन नारायणदास
श्री गोकुलचंद्रमाजी को सिंगार करि रसोई में
गए तहां सिंगार भोग कों सिद्धि करि कें सिरा
यवे कों थार धरयो इतने में एक वैस्नव नें नारा
यणदास के पास आयकें बधाई दीनी जो श्री
आचार्यजी महाप्रभू श्री गोकुल ते पधारत हैं
सो नारायणदास सुनत ही तातीषीरि कों डब
रा में मेल श्री ठाकुरजी कों भोग समर्पि उतावले
श्री आचार्यजी महाप्रभून के दर्शन कों आए
तब आय कें श्री आचार्यजी महाप्रभून के दर्श
न करि कें दंडोत कीनी सो श्री आचार्यजी महाप्र
भून के चरनारविंद ऊपर मांथो मेलि रहे तब ना
रायणदास को मांथो पकरि आप श्री हस्तसों उ

उठायो और पूछ्यो जो श्री गोकुलचंद्रमाजी के इहां
कहा समय है तब नारायणदासनें कही जो मह
राज अब ही सिंगार भोग समर्पिकें आयो हों सो
सुनिकें श्री आचार्यजी महाप्रभू तत्काल पधारे
तब जातही स्नान करिकें मंदिर में हाथ धोयआ
चमन की झारी हाथमें लेकें भोग सरायबेकों मं
दिर में पधारे तब भीतर जाय कें देषें तो श्री गोकुल
चंद्रमाजी के श्री हस्त षीरिसों भरे हैं और श्री ह
स्त कमल षेंचि रहे हैं तब श्री आचार्यजी महाप्र
भूननें श्री गोकुलचंद्रमाजीसों कही जो महारा
ज श्री हस्त कों क्यों षेंचि रहे हो तब श्री गोकुलचं
द्रमाजीनें कही जो तुम कों आए जानिकें मोकों ना
रायणदास ताती षीरि समर्पिकें तुम्हारे पास गयो सो
षीरि मेरे हाथ सों ताती लागी सो मेंनें थोरी सी चा
टि कें हाथ झटके सो सब मंदिर में छींट लागी हैं औ
र मेरे हाथ और ओष्ठ राते भए हैं सो श्री गोकुल
चंद्रमाजी के हाथ और ओष्ठ अजहूं लाल हैं पा
छें श्री आचार्यजी महाप्रभूननें षीरि पंषासों सी
री करि भोग समर्पिकें बाहिर आए तब नारायण

दाससों षीजे और कह्यो जो तैंने श्री ठाकुरजी कों ता
ती षीरि समर्पी तब नारायणदासनें श्री आचार्यजी
महाप्रभूनसों बीनती कीनी जो मैं राज कों पधारे
जानिकें उतावलो राज पास आयो तब श्री आचा
र्यजी महाप्रभूननें कही जो आज पीछें ऐसो काम
कबहू मति करियो पाछें समय भयो तब श्री आचा
र्य महाप्रभूननें भोग सरायो तब श्री गोकुलचं
द्रमाजीनें श्री आचार्यजी महाप्रभूनके दोऊ श्री
हस्त पकरिकें कह्यो जो तुम षीरि महाप्रसाद लेउ-
तब श्री आचार्यजी महाप्रभूननें कह्यो जो महारा
ज जाति व्यवहार की कठिन है तब श्री गोकुलचं
द्रमाजीनें कह्यो जो यह मेरी आज्ञा है तातें तुम क
छू विचार मति करो षीरि को महाप्रसाद लेउ त
ब श्री गोकुलचंद्रमाजीनें षीर को महाप्रसाद है
सो अपने आगें ही श्री आचार्यजी महाप्रभूनकों
लिवायो तब श्री आचार्यजी महाप्रभूननें लीनों
तादिन ते षीरि अन सखडी में होत है नारा
यण दास सों श्री गोकुलचंद्रमा जी ऐसी भांति
सेवा कर वावते हे नारायण दास ऐसे भगवदी

यहे तातें श्री गोकुल चंद्रमाजी ऐसी कृपा करते वार्ता प्रसंग ॥ २ ॥ बहुरि कितेक दिन पाछें नारायण दास की देह थकी सो बहुत आसक्ति भई तब एक दिन श्री गोकुल चंद्रमाजी नें नारायण दास सों कही जो नारायणदास तू कछू मांगि तब नारायणदासनें कही जो महाराज हूं यह मांगत हूं जो तुम श्री गुसांईं के घर पधारि सेवा कर वावो नारायणदास के मन में यह जो श्री ठाकुरजी और कहूं सुषन मानें गे सेवा आछी भांति सों न होयगी सो नारायण दास नें अंत समें श्री ठाकुरजी के पास यह मांग्यो पाछें कितेक दिन में नारायण दास की देह छूटी तब श्री गोकुलचंद्रमाजीनें कितेक दिन तांईं कृष्ण दास स्वामी के पास सेवा करवाई पाछें श्री गुसांईंजी के घर मथुरा में पधारे सो श्री गुसांईंजीनें श्री रघुनाथजी के माथें पधराय दीए सो वे नारायण दास ब्रह्मचारी श्री आचार्य जी महाप्रभून के ऐसे कृपा पात्र भगवदीय हे ता ते इन की वार्ता कहां तांईं लिषिये ॥ वार्त्ता प्रसंग ॥ ३ ॥ वैष्णव ॥ १५ ॥ संबंध ॥ ५८ ॥

अब श्री आचार्य जी महाप्रभून के

सेवक एक क्षत्राणी महावन में रहती ताकी वार्ता है

सो एक समें श्री आचार्य जी महाप्रभू पृथ्वीपरिक्रमा करत करत महावन पधारे सो वा क्षत्राणी कों चारि स्वरूप प्रप्ति भए हे सो चारों स्वरूप श्री आचार्य जी महाप्रभून के आगें आनि राषे सो तिन चारों स्वरूपन के नांम एक तो श्री नवनीत प्रियाजी और एक श्री गोकुलचंद्रमाजी और एक श्री ललित त्रभंगीजी और एक श्री लाडिलेजी ये चारयों स्वरूप श्री आचार्यजी महाप्रभून नें चारि वैष्णव न के मांथें पधिरायदीए सो याभांति श्री गोकुलचंद्रमाजी तो नारायण दास ब्रह्मचारी के मांथें पधराय और श्री लाडिलेजी जीय दास क्षत्री के मांथें पधराय और श्री ललित त्रभंगी जी देवा क्षत्री के मांथें पधराए और श्री नवनीत प्रियाजी गज्जन धावन के मांथें पधराए याभांति चारयों स्वरूप चारि वैष्णव न के मांथें पधराय दीए तब चारयों वैष्णवनसों श्री आचार्यजी महाप्रभून नें कह्यो जो ये मेरे सर्बस्व हैं सो स्वरूप तुम्हारे मांथें पधराए हैं

सो इन की सेवा तुम नीकी भांतिसें करियो और तुमसें जब सेवा न होय आवे तब हमारे घर प धराय जेयें पाछें श्री नवनीतप्रियाजीनें तो कछू क दिन गज्जनधावन के मांथेंसेवा करवाई पाछें श्री आचार्यजी महाप्रभून के घर पधराए सो स व तो गज्जनधावन की वार्तामें लिष्योहे और श्री गोकुलचंद्रमा जी ने कितेक दिन ताई नाराय णदास ब्रह्मचारी के मांथे सेवा करवाई पाछें कृष्ण दासस्वीमी के पास सेवा करवाई पाछें श्री गु सांईजी के घर पधारे पाछें श्री गुसांईजी नें श्रीरघु नाथजी के मांथें पधराए सो प्रकार नारायणदा स ब्रह्मचारी की वार्ता में लिख्यो हे और श्रीलाडि लेजी को प्रकार सब जीयदास की वार्ता में लिख्यो हे सो अब श्री आचार्यजी के कुलमें बिराजतहें और श्री ललितत्रिभंगी जी अंतर्ध्यान भए सो प्र कार देवाक्षत्री कपूर की वार्ता में लिख्यो हे सो व ह क्षत्राणी श्री आचार्यजी महाप्रभून की ऐसी कृपा पात्र भगवदी यही ता की वार्ता कहां तांई लिषिये वार्ताप्रसंग॥१॥ संबंध॥५९॥ वेष्नव॥२२॥

अब श्री आचार्यजी महाप्रभून
के सेवक जीयदास क्षत्री सूर
तिनकी वार्ता लिष्यते

सो जीयदास के मांथें श्री आचार्यजी महाप्रभूननें श्री लाडिलेजीकी सेवा दीनी सो जीयदासके पास श्री लाडिलेजी नें चारि पहर सेवा करवाई सो जीयदास कें चारि बेटा हुते तिनमें पुरुषोत्तमदास छवीलदास इन दोऊ भाइनमें कोई एकदिन सेवा कीनी पाछें दोऊ भाईनकें संतति न भई तब इनके पाछें इनके मांमा क्रष्णदास चोपडा हुते तिनके मांथें श्रीलाडिलेजी पधारे सो कितेक दिन तांई क्रष्णदास चोपडा सों सेवा करवाई सो भली भांति सों सेवा कीनी सो एक समें महामरी आई सो क्रष्णदास के घरके सबकुटंबकी देह छूटी तब क्रष्णदास अकेले रहे तब क्रष्णदास के मित्र हरजी तथा मथुरामल्ल क्षत्री हुते सो क्रष्णदास तहां आय रहे सो कितेक दिन तांई क्रष्णदासनें और हरजीनें दोऊ मिलिकें सेवा कीनी पाछें क्रष्णदास की देह छूटी तब हरजी भाईनें डेढ वर्षलों सेवा कीनी पाछें श्री गुसांईंजी के घर पधारे॰

सो श्री लाडिलेजी अब बिराजत हैं सो वे जीयदास श्री आचार्य जी महा प्रभून के ऐसे परम कृपा पात्र भगवदीय हे सो इनकी वार्ता को पार नांही सो कहां तांई लिषिये ॥ वार्ता प्रसंग ॥ १ ॥ वैष्णव ९६ ॥ संवंध ९६ ॥

अब श्री आचार्य जी महा प्रभून के सेवक देवा क्षत्री कपूर तिनकी वार्ता लिष्यते

सो देवा कपूर के मांथें श्री आचार्यजी महा प्रभून नें श्री ललित त्रभंगीजी की सेवा पधराय दीनी सो देवा कपूर की जब लों देह रही तब लों सेवा कीनी-ता पाछें देवा कपूर की स्त्री की देह छूटी ताको संस्कार करि आए ता पाछें मंदिर उघारकें देषें तो श्री ठाकुर जी नाहीं और सामग्री सब धरी है एक श्री ठाकुरजी नाही हैं सो जानें कहां अंतर ध्यान भए या ते यों जानी परी जो देवा कपूर कें चारि बेटा हुते परि उनके पास सेवा न करवाई श्री ठाकुरजी तो स्नेह के बस हें सो भगवद इच्छा ऐसी ही भई ताते देवा कपूर तथा देवा कपूर की स्त्री श्री आचार्यजी महाप्रभून के ऐसे कृपा पात्र भगवदीय हे ताते इन की वा

तीं कहां तांई लिषिये ॥ वार्ता प्रसंग ॥ २ ॥ संबंध ॥ ६२ ॥ वैष्णव ॥ २७ ॥

अब श्री आचार्यजी महाप्रभून
के सेवक दिनकर दास सेठ
तिन की वार्ता

सो दिनकर दास कों कथा के ऊपर बहुत रुचि हुती सो श्री आचार्यजी महाप्रभु आप अडेल में कथा कहते तहां दिनकर दास नित्य सुनते सो एक दिन दिनकर दास रसोई करत हुते सो आटो सान्यों हुतो ऊपरा वराय दीने हे लीटी करि राषी हुती इतने में श्री आचार्य जी महाप्रभून को सेवक जल घरिया सो श्री ठाकुरजी को जल भरिवे कों आयो तब दिनकर दास नें पूछी जो श्री आचार्यजी महाप्रभू कहा करत हैं तब वा जल घरिया ने कही जो पोथी षोली है अब कथा कहेंगे तब दिनकर दास नें काची ही अंगा करी लीनी से की नाहीं वेगी उठि वस्त्र पहरि कें आयो आय कें कथा सुनी श्री आचार्य जी महाप्रभू कथा कहि रहे हे तब वा जल घरिया नें श्री आचार्य जी महाप्रभू

न सों कह्यो जो महा राज दिनकर दासनें कां ची-
अंगा करी लीनी से की हू नाहीं तब दिनकर दा
स सों श्री आचार्य जी महा प्रभू न नें कह्यो जो तू का
ची अंगा करी क्यों षाय आयो है तब दिनकर
दास नें कह्यो जो महा राज अंगा करी तो नि
त्य लेंउ गो परि यह अमृत क था क ब सुनूंगो
तब श्री आचार्य जी महा प्रभून नें कह्यो जो अब
ते तू रसोई करि श्री ठाकुर जी कों भोग समर्पि
प्रसाद लेइ पहुंचि कें जब आवे गो तब पोथी-
षोलूं गो तेरे आए विना कथा न क हैंगे आज ते
हमारी कथा को श्रोता तू तातें तू निश्चिंत हो-
यकें आइयो तब ता दिन ते दिनकर दास बे गि
ही रसोई करि भोग समर्पि प्रसाद लेकें जब क-
था के समय आवते तब श्री आचार्य जी महा
प्रभू पोथी षोलते सो वे दिनकर दास सेठ श्री
आचार्य जी महा प्रभून के ऐसे कृपा पात्र भ
गवदी यहे सो इनकी वार्ता को पार नाहीं तातें
अब कहां तांई लिषिये ॥ वार्ता प्रसंग ॥१॥ वै
ष्णव ॥१८॥ संबंध ॥ ६२॥

अब श्री आचार्यजी महाप्रभून के सेवक मुकंददास कायस्थ ताकी वार्ता

सो मुकंददास आप कबि हुते सो कबित्त कर ते सो कवित्त बहुत कीए हैं श्री आचार्यजीम हाप्रभून के तथा श्री गुसांईजी के तथा श्रीठा कुरजी के बहुत कवित्त कीए हैं और मुकंद- सागर एक ग्रंथ कीयो हो सो एक समें मुकंददास उज्जैन के कारकून होय कें आए तब तहां के- पंडित सब आय मिले तब पंडितन नें मुकंद दास सों कह्यो जो तुम हमारे पास श्री भागवत सुनों तो सुनावे तब मुकंददास ने कह्यो जो तुम हमारो भागवत जानत हो तव उन पंडितननें कह्यो जो तुम्हारो कहा श्री भागवत न्यारो है तव मुकंद दासनें एक श्लोक को व्याख्यान कीयो पाछें महीना लों सुनायो परि आप काहू पास कथा न सुनी को ऊ पंडित कदाचित व्याख्यान करतो ताकों बहुत- भांति दूषन देकें आवते जो काहे तें सुबोधनीमें ब हुत भवे सहो मुकंददास को श्री आचार्यजी महा

भगवाननेंतो मनुष्यदेहदीनी है सोतो अपनी सेवा भजनके लीएदीनी है सो येतो यादेह सों हाड कूटें हैं याभें यहलौकिकसिद्ध नाहि सो काहेतेंजो यालोक मेंतो अपजस औरपरलोक मेंभगवान नेवहिर्मुषताताते श्रीठाकुरजीनें इनकोंमनुष्यदेहदीनीहैतिन कोंचौपड एसी षेलनीचाहियेसोतासमें एकपद सूरदासजीनें अपनेसंगकेन सों कह्यो सोपद ॥ रागकेदारो ॥ मनतू समभि सोच विचारि ॥ भक्त विन भगवान दुर्लभ कहत निगम पुकारि ॥ १ ॥ साधसंगति डार फासाफेरि रसना सारि ॥ दाव अव कें परयोपूरो उतरि पहलीपारि २ ॥ वाकसत्रेसुनि अठारेपंचहीकोंमारि ॥ दूरितें तजितीनकानें चमकिचोकिविचारि ॥ ३ ॥ कामक्रोधजंजालभूल्योठग्योठगनीनारि ॥ सूरहरिकेपद भजनविनुचल्योदोऊकरिझारि ॥ ४ ॥ यहपद सूरदासजी अपनेसंगकेभगवदीयन सों कह्यो सो यापदमें सूरदासजीनें कहाकह्यो मनतू समभि सोचविचारि ये तीन्योंवस्तचोपडमेंचहिये सोई तीनोंवस्तभगवानकेभजनमेंचहिये काहितें

जोसमभिनहोय तो श्रवणकहाकरेगो तातें पहले तोसमभिचहिये औरसोच कहें चिंतासोभगवान के प्राप्ति की चिंतानहोय तोसंसारऊपर वैराग्य कैसें आवै तातेंसोचचहिये और विचार जोया जीवकों विचारही नहीं तो संग कुसंग में कहाकरेगो तातें विचार चहियेसोयेतीन्योंवस्तहें यतो भगवदीयहोय तातें येतीन्योंवस्तभगवदीयकों अवश्यचहिये औरचोपड में हू येतीन्योंवस्त चहिये समभिकहें गनिवोन आवै तो गोट कैसें चलै औरसोच अगमजो मेरें यह दाव पडे तोयह गोटचलूं विचारजो वाहीमेंतन्मनजोयेतीन्योंवस्त होयतो चोपड षेलीजाय सोवे सूरदास जी श्री आचार्यजीमहाप्रभून के ऐसे परमभगवदीयहें ॥ वार्ता प्रसंग ॥ ४ ॥ बहुरि सूरदास जी श्री नाथजी द्वार आयकें बहुत दिनतांई श्री नाथजी कीसेवा कीनी बीचबीच में श्री गोकुल श्री नवनीतप्रियाजी के दर्शनकों आवते सोएक समें सूरदासजी श्री गोकुल आए श्रीनवनीतप्रियजी के दर्शन कीए और बाललीला के पद बहुत

सुनाए सो श्री गुसांईजी सुनिकें बहुत प्रसन्न भए पा
छें श्री गुसांईजी नें एक पालना संस्कृत में कीयो सो
पालना सूरदासजी कों सिखायो सो पालना सूर-
दासजी नें श्री नवनीतप्रियाजी झूलत हुते तास
में गायो सो पद ॥ राग रामकली ॥ प्रेष पर्यंक स-
यनं ॥ यह पद सूरदासजी नें संपूरण करिकें गा
य सुनायो श्री नवनीतप्रियाजी कों पाछें या पद
के भाव के अनुसार बहुत पद कीए सो सुनि कें-
श्री गुसांईजी बहुत प्रसन्न भए पालना के भाव
अनुसार पद गाये सो पद ॥ राग विलावल ॥ बाल
विनोद आंगन में की डोलनि ॥ मणिमय भूमि सु
भग नंदालय बलि बलि गई तोतरी बोलनि ॥१॥
कठुला कंठ रुचिर केहरि नख ब्रज माल बहुलई
अमोलनि ॥ वदन सरोज तिलक गोरोचन लरल
टकनि मधुप गन लोलनि ॥२॥ लोंन्यों कर प्रस
त आंनन पर कछू खाय कछू लग्यो कपोलनि
कैहे जन सूर कहां लों वरनों धंन्य नंदजीवन जग-
तोलनि ॥३॥ गोपाल दुरे हैं मांखन खात ॥ देखि
सखी सोभा जु वढी अति स्यांम मनोहर गात ॥१॥

उरि अवलोक ओटढाढीहैजिहिविधिनहिलष-
लेत। चत्रतनेंनचहूंदिसिचितवत औरसबनकों
देत ॥२॥ सुंदरकरआंननसमीपहरिराजतयह
अकार। जनुजलरुहतजिवेरविधिसोंलीऐंमिल
तउपहार॥३॥ गिरिगिरिपरतवदनतेंऊपरहैदद
धिसुतकेंविंदु॥ मांनहुसुधाकनषोरवतपियज-
नदहु॥४॥वालविनोदबिलोकसूरप्रभुवितभई
व्रजकीनारि॥फुरतनबचनवरजिवेकोमनरहीं
विचारिविचारि॥५॥रागजैतश्री॥कहांलगिब
रनोंसुंदरताई॥षेलतकुमरकतिकआंगनमेंने
ननिरषसुषपाई॥कुलहैलसतस्यामसुंदरकें
बहुविधिरंगविबनाई॥मानहुनवधनऊपरराे
जतमधुवाधनुषचढाई॥२॥सेतपीतअरुअसि
तलालमणिलटकनभालरुराई॥मानहुअ
सुरदेवगुरुसोमिलिभूमिजसोसमुदाई॥३॥अ
तिसुदेसम्रदुचिहुरहरतमनमोहनमुषवगराई
मानहुमंजुलकंजऊपरवरअलिआवलिफि
रिआई॥दूधदंतछविकहीनजातकछुअलिपल
लपकलकाई॥किलकतहंसतदुरितप्रगटतमानों

विंधुमेंविपुलताई ॥ ५॥ षंडित बचन देत पूरन सुष अ
द्भुत यह उपमाई ॥ घुटुरनु चलत उठत प्रमुदित मन सू
रदास बलिजाई ॥ ६॥ रागरामकली ॥ देषो सखी एक अ
द्भुत रूप ॥ एक अंबुजमध्य देखियत बीस दधिसुत-
जूप ॥ १॥ एक अवली दोय जलचर उभे अर्क अनू
प ॥ पंचवार चढि गहि देषियत कहो कहा स्वरूप २
सिसुगन में भई सोभा करो को कविचार ॥ सूर श्रीगो
पाल की छवि राषो यह निरधार ॥ २॥ ऐसे पद सूरदा
सजीने गाए॥ पाछें फेरि श्रीनाथजीद्वार आए॥ वार्ता
प्रसंग॥ ५॥ अब सूरदासजीनें श्रीनाथजाकी सेवा
बहुत कीनी बहुत दिनतांई ता उपरांत भगवद् इ
च्छा जानी जो अब प्रभून की इच्छा बुलायबे की है
यह विचारि कें जो नित्य लीला फलात्मक रास ली-
ला जो जहां करे हें ऐसी जो परासोली तहां सूरदा
सजी आए श्रीनाथजी की ध्वजा कों दंडोत करि
कें ध्वजा के साम्हें सन्मुष करि कें सूरदासजी सोए
परि अंत: करन में यह जो श्री आचार्यजी महाप्र
भू दर्शन दें यगे अब यह देह तो थकी तातें अ
ब या देह सों श्रीनाथजी को दर्शन होय तो जानि

यें परम भाग्य हे श्री गुसांईजी को नाम कृपासिं
धुहै भक्तन के मनोरथ पूरन करता हे ऐसे विचा
रि कें सूरदासजी श्री गुसांईजी को चिंतवन कर
तहैं और श्री गुसांईजी कैसे कृपासिंधुहै जैसें सू
रदासजी उहां स्मरन करत हे तेसें श्री गुसांईजी
इनकों छिन हू नाहि भूलतहें श्रीनाथजी को सिं
गार होतो तासमें सूरदासजी मणिकोठामें ठाडे थ
कीर्तनकरतेसो तादिनश्रीगुसांईजी श्रीनाथजी को सिंगा
र करत हुते और सूरदासजी कों कीर्तन करतन
देषे तब श्री गुसांईजी ने पूछो सूरदासजी नाहीं
देषियत सो काहेतें तव काहू वैष्णव ने कह्यो जो महा
राज सूरदासजी तो आज परासोली की ओडी जात
देषेहे तब श्री गुसांईजी नें जान्यों जो भगवद इच्छा
ते अब सानसमें हे तातें सूरदासजी परासोली गए
हैं तब श्री गुसांईजी नें अपने सेवकन सों कह्यो
जो पुष्टिमार्ग को जिहाज जातहै जाकों कछू लेनों
होय सो लेउ और जो भगवद इच्छा ते राजभोगआ
रती पाछें रहत हैं तो मेंहू आवत हों पाछें श्री गुसां
ईजी बेर बेर सूरदासजी की षबर मगायो करे जो

आवे सोई कहे जो महाराज सूरदासजी तो अचेतहें कछू बोलत नाहीं ऐसें करत श्रीनाथजीकें राजभोग को समय भयो सो राजभोग आरती करिकें श्रीगुसांईजी श्रीगिरराज ते नीचें उतरे सो आप परासोली पधारे भीतर के सेवक रामदासजी प्रभ्रत और कुंभनदासजी और श्रीगुसांईजी के सेवक गोविंद स्वामी चत्रभुजदास प्रभ्रत और सब श्रीगुसांईजीके साथ आए सो आवतही सूरदासजी सों श्रीगुसांईजीनें पूछो जो सूरदासजी कैसें हो तब सूरदासजीनें श्रीगुसांईजीकों दंडोत करिकें कह्यो जो महाराज आए हो महाराजकी बाट देषत हुतो यह कहिकें सूरदासजीनें एक पद कह्यो सो पद ॥ राग सारंग ॥ देषो देषो हरिजू को एक सुभाय ॥ अति गंभीर उदार उदधि प्रभु जांनि सिरोमनराय ॥१॥ राई जितनी सेवा को फल मानत मेरु समांन ॥ समझि दास अपराधि सिंधु सम बूंद न एको जांनि ॥२॥ वदन प्रसन्न कमलपद सनमुष देषतहीं हैं ऐसे ॥ ऐसे विमुष हु भए कृपा या मुषकी जब देषो तब तैसे ॥३॥ भक्त-

विरहकरतकरुणामयडोलतपाछेंलागे ॥सूरदास
ऐसेप्रभूकोंकतदीजैपीठअभागे ॥४॥ यहपदसू
रदासजीनेंकह्योसोसुनिकेंश्रीगुसांईजीबहुतप्र
सन्नभए औरकह्योजोऐसोदैन्यप्रभू अपनेसे
वकनकोंदेहियादैन्यकेपात्रएहीहैं तबवावेर
श्रीगुसांईजीकेपासठाडेहुते औरचत्रभुजदा
सहू ठाडेहुतेतवचत्रभुजदासनें कह्योजोसूरदा
सजीनें बहुत भगवद्जसवर्णनकीयोपरिश्रीआ
चार्यजी महाप्रभूनकोजसवर्णननाहींकीनों
तब यह बचन सुनिकेंसूरदासजीवोलेजोमैंतोस
बश्रीआचार्यजीमहाप्रभूनकोहीजसवर्णनकी
योहै कछून्यारोदेषूंतोन्यारोकरूंपरितेरेसाथ
कहतहो याभांतिकहिकेंसूरदासजीनेंएकपद
कह्यो ॥सोपद॥ रागविहागरो ॥ भरोसोद्रढइन
चरणनकेरो ॥ श्रीवल्लभनखचंद्रछटाबिनुस
बजगमांझअंधेरो ॥१॥ साधनऔरनहींयाक
लिमेंजासोंहोतनिवेरो ॥ सूरकहाकहेदुविधिआं
धरोविनामोलकोचेरो॥ यहपदकह्योपाछेंसूर
दासजीकोंमूर्छाआई तबश्रीगुसांईजीकहें जो

सूरदासजीन्चितकी वृत्ति कहाहैतब सूरदासजी नेंएकपद औरकह्यो सोपद ॥रागविहागरो॥ वलि वलिबलिहो कुमर राधिकानंदसुवनजासोंरतिमांनी वेअतिचतुर तुमचतुर सिरोमनि प्रीतिकरीकैसेंहोत हैछांनी॥१॥वेजुधरततनकनकपीतपट सोतोस बतेरी गतिठांनी॥ तेंपुनिस्यामसहजवेसोभा अंब रमिस अपनेउर आंनी॥२॥ पुलकितअंगअब हीह्वै आयोनिरषिदेषिनिज देहसियांनी॥सूर सु जांन सखीकेबूझें प्रेम प्रकासभयोविहसांनी॥३॥ यहपद कह्योइतनो कहिकें सूरदासजीकोचित्तश्री ठाकुरजीकोश्री मुख तामें करुणारसकेभरेनेत्र दे षे तब श्रीगुसांईजी पूछो जोसूरदासजीनेत्रकीवृत्ति कहांहैं तवसूरदासजीनेंएकपद औरकह्यो॥सोपद रागविहागरो॥ खंजननैंनरूपरसमाते॥ अतिसे चारुचपल अनियारेपलपिंजरानसमाते॥१॥च लिचलिजातनिकट श्रवणनके उलटिपुलटिताटं कफदाते॥सूरदास अंजनगुण अटके नातरअब उडिजाते॥२॥इतनों कहतहीसूरदासजीनेंयास रीरकोत्यागकीयो सो भगवद्लीलामें प्राप्तभए

पाछें श्रीगुंसांईजी सब सेवकन सहित श्रीगोवर्द्धन आ
ए तातें सूरदासजी श्रीआचार्यजीमहाप्रभूनके परम
कृपापात्र भगवदीयहे सो इनकी वार्ताको पार नाहीं
तातें इनकी वार्ता कहांतांई लिषिये ॥ वार्ताप्रसंग
॥६॥ वैष्नव ॥ ८१ ॥ संबंध ॥

अब श्रीआचार्यजीमहाप्रभूनके से
वक परमानंददास कनोंजिया
ब्राह्मण तिनकी वार्ता

सो परमानंददासजी परम भगवदलीला मध्यपाती
श्रीठाकुरजीके परम सखा हे सो जब श्रीआचार्यजी
महाप्रभू आप भूतल पर प्रगट भए तब श्रीगोवर्द्धन
नाथजीकी आग्यातें दैवीजीवनके उद्धारार्थ और
तैसेंही श्रीआचार्यजीमहाप्रभूनको श्रीठाकुरजी
को सब परकार प्रगट भयो और आप श्रीगोवर्द्ध
न पर्वतमें प्रगट भए सो गोपालदासजी वल्लभा
ख्यानमें गाए हैं जो अनेक जीव कृपा करें व्रादेसां
तर परवेस तातें परमानंददासजीको जन्म क
नोंजमें है कनोंजिया ब्राह्मणके घर भयो सो वे
परमानंददासजी बहुत योग्य भए और कवि भए

भगवद् कथाके पात्र भए कीर्तन बहुत आछे गावते तातें परमांनंददासजीके संग समाज बहुत रहतो आ पस्वामी कहावते आप सेवक करते सो भगवदइछा तें एकसमें परमांनंददासजी कनोंज ते आप आगरे आए सो आगमें उतरे सो उहां कीर्तन बहुत आछे गावते तातें बहुत लोग कीर्तन सुनिबेकों आवते औार अडेलतें कार्यार्थ लोग बहुत आवते सो इन के कीर्तन सुनिकें पार अडेल मंजाय कहते जो पर मांनंददासजी इहां आगमें आए हैं सो कीर्तन बहु त आछे गावत हैं सो श्री आचार्यजी महाप्रभूनके सेवक जलघरिया क्षत्री कपूर सो उनके राग ऊपर बहुत आसक्ति परि बे अवकास नाहीं पावें जो पर मांनंददासजीके कीर्तन सुनिवेकों आवें से वा में अवकास नाहीं जो आग जाइ सकें सो एकदिन एक वैष्णव आगते अडेलमें आयो सो वानें कह्यो जो आ जराकादसी है सो परमांनंददासजी आजु जागरन करेंगे सो यह सुनिकें वा जलघरिया नें अपने मनमें विचार्‍यो जो आजु परमांनंददासजीके कीर्तन सुनि वेकों चलनों सो वे क्षत्री कपूर जलघरिया अपनी

सेवासों पहुंच कें रात्रिकों अपने घर आए सोघर
आयकें अपने मनमें विचार कीयो जो यावेरनाव
वोमिले गी नाहीं तातें कहा कर्तव्य परि वे पैरिवे
में भले निपुन हुते सोमन में विचारी जोपैरि कें पार
जैये पाछें अपने घरतें चले सो श्री यमुनाजी केतीर
उपर आय ठाडेभए तब पर दनी पहरि कें वस्त्र सबमां
थे सों बांधि कें श्रीयमुनाजीमें पैरिकें पार आगमें आ
ए पाछें वस्त्र पहरिकें जाठौर परमानंद स्वामी उत
रे हुते तहां आए सो इनको कछू मिलापतो परमानं
द स्वामीसों हुतो नाहीं जहां और सब जनें बैठे हुते तहां
एकजाय बैठे परि एऊ श्री आचार्यजीमहाप्रभूनके
सेवक हे सो सब को ऊ जानत हे तातें सबननें इनकों
आदर करि कें बैठाए सो एबैठे ता पाछें परमानंद स्वा-
मीनें कीर्तन को आरंभ कीयो सो परमानंदस्वामीनें
विरह केपद गाए सो विरह के पद का हेसों गाए जो प्र
थम इन को स्वरूप कहि आए हैं कंहीजो येलीलाम
ध्य याती श्री ठाकुरजी के परमानंद स्वामी परमस
खा हे सो उहांसों बिछुरे और इहां तो अब हीं श्रीठा-
कुरजी को दर्शन नाहीं भयो और श्री आचार्यजीमहा

प्रभून को दर्शन अवहोयगो श्री आचार्यजीमहाप्र
भूनके मार्गको यह सिद्धांत है जो भगवदीयनको सं
ग होय तो श्रीठाकुरजी कृपा करें ताही के लीए श्रीआ
चार्यजीमहाप्रभूननें परमानंद स्वामी के ऊपर अनु
ग्रह करिकें अपने कृपापात्र भगवदीय के अंतः
करनमें पेरिना करिकें परमानंद स्वामीके इहां पठा
ए सोए श्री आचार्यजीमहाप्रभूनके सेवक कैसे हैं
जो जिनकों श्रीठाकुरजी एकक्षण हू नाहीं छोडत
इनके संग ही रहत हैं काहे तें सूरदासजी गाए हैं जो
भक्तविरह करत करुणामय डोलत पाछें पाछें औ
र जगन्नाथजोसीकी हू वार्ता में लिख्यो है जो जब रज
पूतनें तरवार चलाई तब श्रीठाकुरजीनें वाको हाथ प
कर्यो तातें श्रीआचार्यजीमहाप्रभूनके सेवकनके
सदा श्रीठाकुरजी निकट ही रहत हैं तातें परमानंद
स्वामीनें विरह के पद गाए॥ सोपद॥ राग विहागरो॥
ब्रजके विरही लोग विचारे॥ विन गोपाल ठगे से ठाडे अ
तिदुर्बल तन हारे॥१॥ मात जसोदा पंथ निहारत निर
षत सांझ सकारे। जो कोई कान्ह २ कहि बोलत अंषिय
न वहत पनारे॥२॥ यह मथुरा काजर की रेषा जे निकसे

ते कारे ॥ परमानंदस्वामी विनु ऐसें जैसें चंद्रा विनु तारे ॥ ३ ॥ औरपद गाए ॥ सोपद ॥ रागविहागरो सब गोकुल गोपाल उपासी ॥ जोगाहक साधन के ऊधो सो सब बचन ईस पुरकासी ॥ १ ॥ जद्यपि हरि हम तजी अनाथ करि अब छांडति क्यों रतिजासी ॥ अपनी सीतलता तहां छांडति जद्यपविधु राहु है ग्रासी ॥ २ ॥ किहि अपराध जोग लिषि पठायो प्रेम भजन ते करत उदासी ॥ परमानंद ऐसी को विरहन मांगे मुक्त गुनरासी ॥ ३ ॥ राग कान्हरो कौन रसिक है इन वातन की ॥ नंद नंदन विनु कासों कहिये सुनिरी सखी मेरें दुःख या मन को ॥ १ ॥ कहां वे जमुना पुलिन मनोहर कहां वह चंद सरद रातिन को ॥ कहां वे मंद सुगंध अनल रस कहां वे षटपद जलजातन को ॥ २ ॥ कहां वे सेज पोढिबो वन को फूल विछोना म्रदु पातन को ॥ कहां वे दरस परस परमानंद कोमल तन कोमल गातन को ॥ ३ ॥ राग कान्हरो ॥ माई को मिलिबे नंद किशोरें ॥ एक बार को नैंन दिषावे मेरे मन के चोरें ॥ १ ॥ जागत जां मगन तन नहीं घूंटत कौं पाऊं गी भोरें ॥ सुनि री

सखी अब कैसें जीजे सुनि तम चरषग रोरें ॥ २॥
जो यह प्रीति सत्य अंतर गति जिन काहू बन होरें
परमानंद प्रभू आन मिलेंगे सखी सीस जिनदोरे ३
इत्यादिक पद बिरह के ऐसे परमानंद स्वामी ने सगरी
राति गाए पाछिली घडी चारि रात्रि रही तब जो जो
जागर नमें आए हुते सो सब अपने घर कों गए तैं
सेंही श्री आचार्यजी महाप्रभून के सेवक एजलघ
रिया कपूर क्षू परमानंद स्वामी सों जै श्री कृष्न स्मर
न कहि कें चले और परमानंद स्वामी के कीर्तन सुनि
कें बहुत प्रसन्न भए और परमानंद स्वामी सों कह्यो
जो जैसे हमने सुने हुतें तातें अधिक देषे तुम परम
भगवद अनुग्रह पूरन होये जलघरिया क्षत्री कपू
र श्रीमहाप्रभून के परम भगवदीय हैं सो एजो
चलि आए सो परमानंद स्वामी के ऊपर अनुग्र
ह करिबे कों आए हैं नातर भगवदीय का हे कों
काहू के घर जांय और यह ऊपर कहि आए हैं
जो श्री आचार्यजी महाप्रभून के निकट ही रहत हैं
सो याको हेत यह जो निकट रहत हैं तो इन जलघरि
या क्षत्री कपूर की गोदमें बैठि के श्री नवनीतप्रिया

जीनें परमांनंद स्वामी के पद सुने जो श्री आचार्यजी
महाप्रभून के मार्ग की मर्यादा है जो श्री आचार्यजी
महाप्रभून के अनुग्रह विना श्रीठाकुरजी कृपा न
करें सो उन जल घरिया क्षत्री कपूर ऊपर श्री आ
चार्यजी महाप्रभून को परम अनुग्रह है तातें श्री
नवनीतप्रियाजी इन की गोद में बैठिकें परमानंद
स्वामी के पद काहेकों सुनने पडे सो ताको हेत यह
जो भगवदीय परमानंद स्वामी के ऊपर श्री नवनी
तप्रियाजी अनुग्रह करिवेकों आप पधारे हैं ता
तें सुने सो श्री आचार्यजी महाप्रभून के सेवक ज
लघरिया क्षत्री परमांनंद स्वामी सों जैसी कृष्न क
हिकें चले सो श्री यमुनाजी के तीर ऊपर आए सो
उहां आयकें विचार कीयो जो नाव की वाट देषें तो
अवार होय औरसेवा छूटे औरश्री आचार्यजी
महाप्रभू नहीं तो षीजेंगे तातें जैसें पैरि कें आए हु
ते तैसें चलें सो पैरि कें पार गए सो पार आवत ही स्ना
न करिकें अपनी सेवा में तत्पर भए पाछें उहां मार्ग
में परमांनंद स्वामी रात्रि की के जागरन के श्रमित सों
आंषि लगी निद्रा आई सो हुतनैमें स्वप्न आयो

सो स्वप्नमें देषें जो जैसें रात्रिके जागरनमें श्रीआचा
जीमहाप्रभून केसेवक जल घरिया क्षत्री बैठेहैंऔ
रउनकी गोदमें श्रीनवनीतप्रियाजीके दरसनभए
और स्वप्नमें श्रीनवनीतप्रियाजी परमांनंदस्वामी
सोंकहें और परमांनंदस्वामीकी निद्रा षुलीसोवा
श्रीमुषकों कोऊ.सोक्ष्य कोटिकदर्पलावराय पर
मांनंदस्वामीनेंदेष्यो सोस्वप्नमें तोहदेमें धरिलीए
औरमनमें चटपटी लगी जो यह दर्शन फेरिकब
होयगो तबयह मनमें विचास्यो जोयह दर्शन उन
श्रीआचार्यजी महाप्रभूनकेसेवक क्षत्रीजल घरि
याविना न होयगो तातें होय तो उनके पासजैयेजो
उनसोंमिलें तबकार्यसिद्धिहोय ऐसो परमांनंदस्वा
मीनें अपने मनमें विचारकीयो सो तत्कालआगतें
अडेलकूंचले सो श्रीजमुनाजीके तीरऊपर आप
ठाडेभएसो प्रातःकालको समय भयो सो प्रथमना
वचली तापरबैठिकें पार उतरे तब आगेंजायकें देषेंतो
श्रीआचार्यजीमहाप्रभू स्नानसंध्या वंदन करतहैं
सो परमांनंदस्वामीकों श्रीमहाप्रभूजीको कैसो द
र्शनभयो साक्षात पूरणपुरुषोत्तम श्रीकृष्णचंद्र

सोश्रीगुसांईंजीवल्लभाष्टकमेंलिषेंहेंसोवस्तुत
कृष्णएवचरेसोदर्शनभयोजोश्रीआचार्यजीम
हाप्रभूनकेसेवकजलघरियाक्षत्रीकपूरकीगो
दमेंश्रीठाकुरजीकाहेसोंबैठे यहकारनजिनके
माथेंरेसेप्रभूविराजतहें परियरमानंददसामी
केमनमेंयहजोक्षत्रीकपूरमिलेंतोआछोसो
काहेतेंजोजिनकेमाथेंरेसेप्रभू औरजिनकेद
र्शनतेंश्रीआचार्यजीमहाप्रभूनकोदर्शनभ
यो तापाछें श्रीआचार्यजी महाप्रभूननेंअपनें
श्रीमुषसोंकह्योजोपरमानंदकछूभगवद्जसव
र्णनकरितवपरमानंददस्वामीनेंविरहकेपद गा
ए॥ सोपद। रागसारंग॥ कोनबेरभईचलेरी गो
पाले॥ लोचनसारगईहीन्योंतें बारबारबूझत
ब्रजवाले॥ १॥ तेरेतनकोरूपकहांगयोभामिनि
अरुमुषकमलसुषायरह्यो॥ सवसौभागगयोह
रिकेसंगहदेसोंकमलविरहदह्यो॥ २॥ कोबोले
कोनेंनउघारेकोप्रतिउत्तरदेहिविकलमन॥ जो
सर्वसुअक्रूरचुरायोपरमानंदस्वामीजीवनधन
॥ ३॥ रागसारंग॥ जियकीसाधनजियहीरहीरी

बहुरि गोपाल देषन नहीं पाए विलपति कुंज अही
री॥१॥ एक दिन सांझ समीप यह मारग वेचन जात द
हीरी॥ प्रीतिकेलीए दान मिस मोहन मेरी बांह गही
री॥२॥ बिन देषें घटी जात कलप सम विरहा अनल
दहीरी॥ परमानंद स्वामी बिन दर्शन नैनन नीद व
हीरी॥३॥ रागसारंग॥ वह वात कमल दल नैन की
वारवार सुधि आवत सजनी बहु दुरि दैनी सैनी सैन की
॥ वह लीला वह रास सरद की गोरज रंजित आवनि
अरु वह ऊंची टेर मनोहर मिस करि मोहि सुनावनि
२॥ वसन कुंज में रास षिलायो वियोग माई मैन की
परमानंद प्रभू सों क्यों जीवें जे पोषी मृदु बेन की।३
याभांति परमानंद स्वामी नें बिरह के पद गाए सो सु
निकें परमानंद स्वामी सों कह्यो जो कछू बाल लीला
वर्णन करि तब परमानंद स्वामी नें कह्यो जो महा-
ज मैं कछू समझत नाहीं तब श्री महाप्रभू ननें कह्यो
जो स्नान करि आउ हम तोको समझावेंगे। तब प
रमानंद स्वामी नें श्री महाप्रभून सों पूछें जो महा-
राज आपको सेवक विरक्त कहा है तब श्री आचा
र्यजी महाप्रभू ननें कह्यो जो कछू टहल करत होय

गो तब परमानंद स्वामी स्नानकों गए सो तब परमानंद
स्वामी आगें जाय कें देषें तो जमनुजलकी गागर ले
कें वह कपूर क्षत्री आवत हैं तब निकट आए सो सां
म्हें मिले सो उन कों देषिकें परमानंद स्वामी बहुत प्र
सन्न भए और परमानंद स्वामी नें उन कों नमस्कार क
र्यो और कह्यो जो रात्रिकों जागरन में आप पधारे
हुते सो श्री ठाकुरजी नें आप की गोद में बैठिकें मेरे
कीर्तन सुने सो आप की कृपा ते श्री ठाकुरजी नें मोसों
कह्यो जो में श्री आचार्यजी महाप्रभून के सेवक ज
लघरिया क्षत्री की गोद में बैठि कें तेरे कीर्तन सुन
हैं और आपकी कृपाते मेरो भाग्य सिद्ध भयो है
सो आवत ही तुम्हारी कृपाते मो कों दर्शन भयो इतनी
बात सुनिकें उन जलघरिया नें कह्यो जो ऐसें मति क
हो जो श्री आचार्यजी महाप्रभू सुनेंगे तो षीजेंगे जो
सेवा छोडि कें क्यों गयो ताते यह वात मति कहो तब
इतनों सुनिकें परमानंद स्वामी कों बहुत आश्चर्य
भयो और कह्यो जो ए धन्य हैं जिन ऊपर श्री ठाकु
रजी को ऐसो अनुग्रह है और ये अपनों स्वरूप छि
पावत हैं पाछें परमानंद स्वामी तो स्नान कों गए

और जलघरियां जलकी गागरि लेकें मंदिरमें गयो पाछें परमांनंद स्वामी श्रीजमुनाजीमें स्नान करिकें तत्काल आय श्री आचार्यजी महाप्रभून के आगें आय ठाडे भए तब श्री आचार्यजी महाप्रभूननें कह्यो जो परमांनंद स्वामी आगें आउ बैठि तब परमांनंद स्वामी आप आगें आय बैठे तब श्री आचार्यजी महाप्रभूननें परमांनंद स्वामीकों नाम सुनायो पाछें मंदिरमें पधारिकें श्री नवनीतप्रियाजी के संन्निधान परमांनंद स्वामीकों ब्रह्मसंबंध करवायो पाछें अनुग्रह करिकें परमांनंद स्वामीकों अनुक्रमनिका सुनाई काहेतें जो प्रथम परमांनंद स्वामी सों श्री आचार्यजी महाप्रभूननें अपनें श्रीमुष सों कह्यो जो भगवद् जस वर्णन करि सो परमांनंद स्वामी नें विरह को पद गायो तब श्री आचार्यजी महाप्रभूननें कह्यो जो परमांनंद स्वामी बाललीला गाउ तब परमांनंद स्वामी नें कह्यो जो राज में कछू समझत नाहीं सो परमांनंद स्वामी नें काहेतें कह्यो जो करक हि आयहें जो ये श्री ठाकुरजीसों बिछुरे हें सो बिछुरेके दुःखकी तो स्फुर्ति रही और संयोग जो सुःख

हुतो ताको विस्मरन भयो जो काहे ते जो सब लीला वि
सिष्ट पूरण पुरुषोतम तो श्री आचार्यजी महाप्रभू
न के घर पधारे हैं सो परमानंद दास कों श्री आचार्यजी
महाप्रभून नें अनुक्रमणिका सुनाई तब सब लीला
की स्फुर्ति भई और अनुक्रमणिका सुनाई ताको
कारन कहा जो श्री आचार्यजी महाप्रभून को नाम है श्री
भागवत पीयूष समुद्र मथन क्षमः सो श्रीमद्भागवत को
श्रीगुसांई जी अमृत को समुद्र करिकें वरणन कीए हैं
सो अनुक्रमणिका द्वारा श्री भागवत रूपी समुद्र श्री आ
चार्यजी महाप्रभून नें परमानंद स्वामी के हृदय में धर्‍यो
तातें वांणी तो सब अष्ट काव्य की समान है और सेसे
ऊ परमानंद स्वामी और सूरदास जी सागर भए सो
यातें जो श्री भागवत रूपी अंमृत को स्वरूप इन के हृ
दय में श्री आचार्यजी महाप्रभून नें धर्‍यो सो काहे
तें जो सब कोऊ सूरसागर और परमानंद सागर क
हते अब परमानंद दास सों श्री आचार्यजी महाप्रभू
श्रीमुष सों कहे जो बाललीला वर्णन करि सो पर
मानंद दास जी नें तत्काल बाल लीला के पद करि
कें श्री नवनीतप्रियाजी के सन्निधान गाए ॥ सो पद

रागसारंगी ॥ माई री कमलनैंन स्यांमसुंदर झूलतहैं पलना ॥ बाललीलागावतसवगोकुलकेललना ॥ १ ॥ अरुणतरुणकमलनख मनिजसजोती ॥ कुंचितकचभवराकतलटकतगजमोती ॥ २ ॥ अंगूठागहिकमल पांनमेलतमुषमांही ॥ अपनोंप्रतिविंद देषिफुनिफुनिमुसिकाही ॥ ३ ॥ जसुमतिकेपुन्यपुंज वारंवारलाले ॥ परमांनंदस्वामीगोपाल-सुतसनेहपाले ॥ ४ ॥ यहपद सुनिकें श्रीआचार्यजी महाप्रभू वहुत प्रसन्यभए फेरि औरपद गायो सोपद ॥ रागविलावल ॥ जसोदातेरेभाग्यकीकही नजाय ॥ जोमूरति ब्रह्मादिकदुर्लभ सो प्रगटेहैं आय ॥ १ ॥ सिवनारदसन कादिकमहामुनिमिलवे करतउपाय ॥ तेनंदलाल धूरिधूसरवपुरहतगोदलपटाय ॥ २ ॥ रतनजटितपोढाय पालनेंवदन देषिमुसिकाई ॥ झूलो मोरेलालवलिहारी परमानंदजसगाई ॥ ३ ॥ राग विलावल ॥ मणिमयआंगननंदकेषेलतदोऊभईया ॥ सोऐसेवाललीलाकेपद परमांनंद दासनेंगाए सोसुनिकें श्रीआचार्यजी महाप्रभू बहुत प्रसन्नभए सोपरमांनंददा

सजी श्री आचार्यजी महाप्रभून के पास हे सो परमानं
द दास कों आपने कीर्तन नकी सेवा दीनी सो परमानं
द दास जी श्री नवनीत प्रियाजी कों नित्य नए पद करि
कें भांति भांति के सुनावते जब अनोसर होतो तब पर
मानंद दास जी श्री आचार्यजी महाप्रभून के आगें प
द कीर्तन करें श्री आचार्यजी महाप्रभू नित्य कथा क
हते सो परमानंद दास जी नित्य सुनते सो ताही प्रसं
ग के कीर्तन करि कें परमानंद दास जी सुनावते सो एक
दिन परमानंद दास जीनें श्री ठाकुरजी के चरणारविंद
को महात्म सुन्यों सो चरणारविंद के महात्म को कीर्त
न करि श्री आचार्यजी महाप्रभून कों सुनायो सो सुनि
कें श्री आचार्यजी महाप्रभू बहुत प्रसन्न भए सो पद
राग कान्हरो ॥ चरण कमल वंदों जगदीस गोधन
के संग धाए ॥ जे पद कमल धूरि लपटाने कर गहि गो
पीन के उर लाए ॥ १ ॥ यह पद संपूरण करि कें परमा-
नंददासजीनें गायो और श्री आचार्यजी महाप्रभू
न के स्वरूप को और प्रार्थना को पद गायो सो पद
राग कान्हरो ॥ यह मांगों गोपीजनवल्लभ यह प
रमानंद दास स्वामीनें संपूरण करि कें गायो सो सु

निकें श्री आचार्यजी महाप्रभू अपने मनमें जाने
जो यह मिस करिकें परमानंद दास या पदकों सुना
यकें ब्रजके दर्शनकी प्रार्थना कीनी है तातें ब्रज
कों अवस्य चलनों ॥ वार्ता प्रसंग ॥ १ ॥ अब श्री
आचार्यजी महाप्रभू यह बिचार करें जो ब्रज कों प
धारिवेको उद्यम कीयो सो दामोदर दास हरसांनी
कृस्न दास मेघन परमानंद दास और यादव दास
हलवाई तथा रसोई की सामग्री संग लेकें चले-
और सब वैस्नव संग ले आप श्री आचार्यजी मह
प्रभू ब्रज कों पधारे सो ब्रज कों आवत परमानंद दा
स कों गाम कनोज आयो तब परमानंद दास नें
श्री आचार्यजी महाप्रभून सों बीनती कीनी जो म
हाराज मेरे घर पधारिये आपके अनुग्रहतें मेरो
भाग्य सिद्धि भयो है अब मेरो घरहू पावन करिये
तब श्री आचार्यजी महाप्रभू आप अंतरजामी कृ
पानिधान भक्तमनोरथपूरवक आप कृपा करिकें प
धारे सो परमानंद दासकें घर आछी भांति सों श्री-
आचार्यजी महाप्रभूननें रसोई करि श्री ठाकुरजी
कों भोग समर्प्यो पाछें भोग सराय कें आप प्रसाद ली

यो पाछें आप गादी तकियान के ऊपर बिराजे तब
परमानंद दास सों कह्यो जो कछू भगवद जस गावो
तब परमानंद दासजी नें मनमें विचारी जो या सम
य श्री आचार्यजी महाप्रभून को मन तो ब्रजमें श्री
गोवर्द्धननाथजी के पास है ताते विरह के पद गाऊं
सो विरह को पद एसो गायो जामें छिन हू कल्पस
मान जाय सो पद ॥ राग सोरठ ॥ हरि तेरी लीला की
सुधि आवे ॥ कमल नैंन मन मोहनी मूरति मन मन
चित्तवनावे ॥१॥ एक वार जाय मिलत माया करि
सो केसें विसरावे ॥ मुष मुसिक्यानि वंक अविलो
कनि चाल मनोहर भावे ॥२॥ कवहु कनि वडति
मर आलिंगन कवहुक पिक सुर गावे ॥ कबहुक सं
भ्रम क्वासि क्वासि कहि संग हीन उठि धावे ॥३॥ कवहु
कनैंन मूंदि अंतर गति मणिमाला पहिरावे ॥ परमा
नंद स्वामि ध्यान करि ऐसें विरह गमावे ॥४॥ यह प
द परमानंद दासनें गायो सो सुनि कें श्री आचार्यजी
महाप्रभून कों मूर्छा आई सो जा लीला को पद परमा
नंद दासजीनें गायो ॥ ता लीला विषें श्री आचार्यजी
महाप्रभू मगन भये सो देहानुसंधान न रह्यो सो तीन

नदिन लों श्री आचार्यजी महाप्रभून कों मूर्छा रही सो सब रे सेवक दामोदरदास हरसांनी प्रभृति श्री-आचार्यजी महाप्रभून के दर्शन करें सो वैसें ही बैठे रहे चतुर्थ दिन के प्रातःकाल श्री आचार्यजी महाप्रभू सावधान भए तब सब वैष्णव प्रसन्न भए तब परमानंददास जी मन में डरपे जो फेरि ऐसो पद न गाऊं फेरि सूधे पद गाए सो पद ॥ राग बिभाग ॥ माई री हों आनंद गुन गाऊं ॥ गोकुल की चिंतामणि माधो जो मांगो सो पाऊं ॥ १ ॥ जब ते कमलनैन ब्रज आए सकल संपदा बाढी ॥ नंदराय के द्वारें देषो अष्ट महासिद्धि ठाढी ॥ २ ॥ फूले फले सदा बृंदावन कामधेनु दुहि दीजे ॥ मारग मेघ इंद्र बरसावे कृष्ण कृपा सुष लीजे ॥ ३ ॥ कहत जसोदा सषियन आगें हरि उतकर्ष जनावे ॥ परमानंद दास को ठाकुर मुरली मनोहर भावे ॥ ४ ॥ और हू पद गायो सो पद ॥ राग गौरी ॥ बिमल जस बृंदावन के चंद्र को ॥ यह पद संपूरण करिकें गायो फेरि और गायो सो पद ॥ राग सारंग ॥ चलि री नंद गाम जाय बसिये ॥ यह पद संपूरण करिकें गायो सो या पद में यह कह्यो जो चलि री नंद गाम जाय बसिये सो

श्रीमहाप्रभूजी सुनिके व्रजकों पधारे सो प्रथम श्री
गोकुल पधारे सो श्री गोकुल आवत हीं श्री आचा
र्येजी महाप्रभू श्री यमुनाजी के तीर ऊपर छोंकर
के नीचें बैठक में तहां श्री आचार्यजी महाप्रभू वि
राजे और एक बैठक श्री द्वारिकानाथजी के मंदिर
के पास हे सो भीतर की बैठक हे सो रात्रि के विश्राम त
या रसोई की ठौर हे जहां श्री आचार्यजी महाप्रभू
न की घर हुतो जब आप श्री गोकुल पधारते तब उ
हांई उतरते सो यह भीतर की बैठक हे पाछें सब
बैस्नव ननें श्री यमुनाजी स्नान कीए और परमा
नंददासजीनें श्री यमुनाजी को जस वर्णन कीए-
सो पद ॥ राग रामकली ॥ श्री यमुनाजी यह प्रसाद
होंपाऊं ॥ तिहारे निकट रहोंनिसवासर रांम कृष्ण
गुन गाऊं ॥ १ ॥ मंजन विमल पावन जल चिंताकु
लष वहाऊ ॥ तिहारी कृपा भांनकी तनया हरिप
द प्रीति बढाऊं ॥ २ ॥ बीनती करों यही वर मांगों अ
धम संग विसराऊं ॥ परमानंददास फल दाता मदन
गोपाल लडाऊं ॥ ३ ॥ राग रांमकली ॥ श्री यमुनाजी
दीनजानि मोहि दीजे ॥ सो ऐसे पद संपूरण करिकें

श्रीयमुनाजीके परमांनंददासजीनें बहुतगाए श्री आचार्यजीके आगें तीरविषें गाए ताउपरांत श्रीमहाप्रभूजीनें परमांनंददासकोंबाललीलाविसिष्ट श्रीगोकुलकेदर्शनकरवाए सो परमांनंददासकों ऐसो दर्शन भयो जो सवव्रजभक्त श्रीयमुनाजलकी गागरिभरि लेजातहैं औरश्रीठाकुरजीमार्गमेंषेलतहैं औरव्रजभक्तनकोंजलकी गागरि उठाय देतहैंऔर उनकीकंचुकी तोरेहें याभांतिसें दर्शनभए सो तैसोई पद श्री आचार्यजीमहाप्रभूनके आगेंगायो-सो पद ॥ रागविलावल ॥ जमुनाजल घर भरिचली चंद्रावलिनारी ॥ मारग खेलत मिले घन स्याम मुरारी ॥ १ ॥ नैंननसेंनैंना मिले मन रह्योहे लुभाई ॥ मोहन मूरति जियवसी पग धरो न जाई ॥ २ ॥ सब कीप्रीतिप्रगटभई यह पहली भेट ॥ परमांनंद ऐसीमिली जैसें गुडमेंचेंट ॥ ३ ॥ रागसारंग ॥ लालनेंकटेकी मेरी वैयां ॥ औघटघाटचल्योनहीजाई रपटतहों कालिंद्रीमहियां ॥ १ ॥ यहपद संपूरनकरिऐसेपद गाए तापाछें परमांनंददासनें वाललीलाकेपद वहुतगाए और श्रीगोकुलको स्वरूप

जामें आवे एसो पद गायो सोपद ॥ राग कान्हरो ॥
गावत गोपी मधुव्रज वानी ॥ जाके भवन वसत त्र
भुवन पति राजा नंद जसोदा रानी ॥ १ ॥ गावत वेद
भारती गावत गावत नारदादि मुनि ग्यांनी ॥ गा
वत गुन गंधर्व काल सिव गोकुल नाथ महात्म-
जांनी ॥ २ ॥ गावत चतुरानन जदुनायक गावत सेष स
हस्त्र मुख रास ॥ मन कर्म वचन प्रीति पद अंबुज अव
गावत परमांनंददास ॥ ३ ॥ यह पद परमांनंददास
नें गायो पाछें और पद गायो सो पद ॥ राग कान्हरो ॥
जसुमति गृह आवत गोपीजन ॥ वासर ताप निवार
न कारन बारंबार कमल मुख निरखन ॥ १ ॥ चाहत
पकरि देहरी उलंघन किलकि किलकि हुलसत मन
हीं मन ॥ लोंन उतारि दोऊ कर वारि फेरि डारत तन
मन धन ॥ २ ॥ लेत उठाय चांपत हीयो भरि प्रेम विव
स लागे दृग ढरकन ॥ चली लिपलना पोंढावन कों-
अरु कसाय पोंढे सुंदर घन ॥ ३ ॥ देत असीस सकल
गोपीजन चिरंजीवो लाग राज मुन परमांनंददासको
ठाकुर भक्त वछल भक्तन मन रंजन ॥ ४ ॥ रागहमी
र ॥ चिंते चिंते चितचोरी री माई ॥ यह पद संपूरन

करिकें गायो सो ऐसे पद परमानंद दासनें बहुत गाए
तापीछें श्री गोकुलनाथजी के दर्शन करिकें परमानं
द दास श्री गोकुल ऊपर बहुत आसक्तिभए तब ऐ
सेपद गाए जो जामें श्री आचार्यजी महाप्रभून की प्रा
र्थनाकीनी सो कहा प्रार्थनाकीनी जो मोकों श्री गोकु
लमें आयकें चरणारविंदके नीचें राषो नितप्रति प्र
भूनके दर्शन करों सर्वलीला विसिष्ट पूरन पुरुषोत्त
मेंहूं और यह पद गायोसोपद ॥ रागकान्हरो ॥ यहमां
गोंजसोदानंदन ॥ चरणकमल मन मन मधुकर या
छबिनैंनन पाऊं दर्शन ॥१॥ चरणकमल कीसेवाहो
ऊतन राजत बिजेलताधन नंदन ॥ वृषभानन्द नी
मेरें सर्वसुज्ञान जीवन धन ॥२॥ व्रजबसिबो जमुना
जल अचिबो श्री वल्लभ को दासयहीपन ॥ महा प्र
साद पाऊं हरि गुन गाऊं परमानंद दास जीवन धन॥
३॥ रागकान्हरो ॥ जबलगजमुना गाय गोवर्द्धन तब
लग गोकुल गांम गुसांई ॥ यह पद संपूरन करिकें प्रा
र्थनाके पद गाए ॥ तब कितेक दिन श्री आचार्यजी म
हाप्रभू श्री गोकुल में विराजे तापाछें सबवैष्णव
नकों संग लेकें श्री गोवर्द्धन नाथजी के दर्शनकों

पधारे ॥ वार्ताप्रसंग ॥ ३ ॥ अब श्री आचार्यजी महा
प्रभू स्नान करिकें पर्वत ऊपर पधारे सो आवत ही
परमानंद दासनें श्रीनाथ को श्रीमुख देखिकें वहां
के वहांरहे तब श्रीमहाप्रभूजीनें श्रीमुषसों कह्यो
जो परमानंद दास कछू भगवत लीला गावो तब प
रमानंद दास अपने मनमें विचारें जो कहा गाऊं
तब ऐसें विचारे जो जामें प्रथम अवतार लीला पा
छें चरणारविंदकी वंदना पाछें भगवद वर्णन को
स्वरूपता पाछें वालक्रीडाता पाछें श्रीठाकुरजी
को महात्म ऐसो पद परमानंद दासनें गायो ॥ सो पद
राग कान्हरो ॥ मोहन नंदराय कुमार प्रगट ब्रह्म नि
कुंजनायक भक्तहित अवतार ॥ १ ॥ प्रथम चरण
सरोज वंदों स्याम घन गोपाल ॥ मकर कुंडल गंड
मंडित चारु नैन बिसाल ॥ २ ॥ वलिराम सहित वि
नोद लीला संकर हेत ॥ दास परमानंद प्रभू हरि नि
गम बोलत नेत ॥ ३ ॥ और आसक्ति को गायो ॥ रा
ग पूरवी ॥ मेरो माई माधोसों मन मान्यों ॥ मेरो नैं
न और कमलनैनकों इक ठोरो करि सान्यों ॥ १
लोक वेद की कांन तजी में न्योंती अपनें आन्यों

राक गोविंदचरण केकारन बैर सवनसों ठान्यों ॥ २ ॥
अव क्यों भिन्न होय मेरी सजनी दूध मिल्यो जैसें पा
न्यों ॥ परमानंद मिल्यो गिरधरसों है पहली पहचा
न्यों ॥ ३ ॥ ऐसे पद परमानंद दासनें गाए ॥ तापीछें
श्री आचार्यजी महाप्रभू सैंन आरती करि श्रीनाथ
जीकों पाढाए तव अनोंसर करि आपनीचें पधा
रे तव परमानंददासहूनीचें आय वैठे तव रामदा
सभीतरियांनें परमानंद दासकों महाप्रसाद दूध
पठायो सो दूध परमानंददासजी लेबे लागे ॥ तव ता
तो लागयो तव परमानंददासजीनें सीरो करिकें ली
यो तापाछें रामदासनें पूछो जो तुमकों महाप्रसाद
दूध पठायोसो आयो तव परमानंद दासनें कही-
जोहां आयो परि दूध बहुत ताता हुतो सो रो सो दूध श्री
ठाकुरजीकें सं आरोगत है ता तें दूध तो सुहातो भलो तव रा
म दासनें कह्यो जो वहुत आछो आप भगवदी पहो
जैसें आग्या करोगे तैसें करेंगे तवसकारे सव सेव
क स्नानकरिकें श्रीगोवर्द्धननाथजीकी सेवा में
तत्पर भए तव श्री आचार्यजी महाप्रभूननें स्ना
नकरिकें श्रीगिरराज ऊपर पधारे तव श्रीगो-

वर्द्धननाथजीकोजगाए तबवासमेंपरमानंद
दासजीजाइकेंश्रीठाकुरजीकेजगायवेकोपदगा
यो॥सोपद। रागविभास॥जागोगोपाललालमु-
खदेखोंतेरो॥ पाछेंगृहकाजकरोंनित्यनेममेरो
॥१॥विगसतनिसाअरुणदिसाउदितभयोभांन
गुंजतअंगपंकजवनजागियेभगवान॥२॥द्वारें
ठाढेवंदीजनकरतहेंपुकार॥वंसप्रसंगगावतह
रिलीलासार॥३॥परमानंदस्वामीदयालजगतमं
गलरूप।वेदपुराणपढतमहमालीलाअनूप॥४
यहपदपरमानंददासनेंगायोफिरिकलेऊकोप
दगायो सोपद॥रागरामकली॥पिछवारेंह्वेग्वा
लनटेरसुनायो॥कमलनेंनप्यारोकरतकलेऊ
कोटनमुखलोंआयो॥१॥अरीमेंपागेंपाएकव
नव्याइरहीहे वछराउहांईवसायो॥मुरलील
ईनलकुटियानलीनीअरवराएकोऊसषानबु
लायो॥चकतभईनंदजूकीरानीसत्यआयकि
धोंअपनोंपायो॥फूलेनअंगसमातरसवरत्रभु
वनपतिसिरछत्रजोछायो॥३॥मिलिवेठेसंकेत
सघनवनदिविधिभांतिकीयोमनभायो॥परमां

नंदसयानीग्वालिनि उलटि अंग गिरधर पिय ध्यायो ॥४॥ ऐसें पद परमांनंददासनें गायो तापाछें श्री गोवर्द्धननाथजी के मंगलाके दर्शन खुले तब परमांनंददासनें श्री गोवर्द्धननाथजीसों पूछे जो आपतातो दूधक्यों आरोगतहैं तब श्रीनाथजीनें कह्योजो येहूमकों समर्पतहैं सो आरोगतहैं तापाछें परमांनंददासजी नित्यकीर्तनकरिकें सुनावते तब तासमय एक राजा दर्शनकों आयो सो श्री गोवर्द्धननाथजी के दर्शन करे तब फेरि आयकें रांनीसों कहीजो श्री गोवर्द्धननाथजी ठाकुर बहुत सुंदर हैं तातें तू जायकें दर्शन करि आउ तब रांनी नें कही जो जैसें हूमारी रीतिहै सोहोयतो दर्शन करें तब राजानें कही जो श्री गोवर्द्धननाथजी के दर्शन में काहेको परदाहै तब रांनीनें मांनी नाहीं तब राजानें श्री आचार्यजी महाप्रभुनसों वीनती कीनी जो महाराज में तो रानीसों बहुत कहत हों परि वह आवत नाहीं तातें आप कृपा करिकें दर्शन करवावो तो वह करे तब श्री आचार्यजी महाप्रभुननें कही जो इहां ले आवो जो प्रथम वाकों एकांतमें दर्शन क

रखावेंगे ता पाछें औरलोग दर्शनकरेंगे तब रा-
जा अपनी रांनी कोंलिवायकें श्री गोवर्द्धननाथ-
जी के दर्शन करवाए सो सब लोग सरकिगए तब
रांनी दर्शनकरवेलगी तब इतनेमें श्री गोवर्द्धन-
नाथजी नें सिंघपोरिके किवाड षोलि दीए सो सब-
भीरदोरिकें रांनीके उपर परी सो रांनी के सब वस्त्र निक-
सिपरे और बहुत लज्जितभई तब राजा नें रांनी सों
कही जो मैं नें तो तोसों पहलेंही कह्यो हुतो जो श्रीठा-
कुरजी के दर्शन में काहे को परदा है ये ब्रज के ठाकुर
हैं इन नें काहू को परदा रख्यो नाहीं तब वासमें प-
रमांनंददासजीनें पद गायो सोपद ॥ राग देवगंधार
कौंन यह षेलिवे की बांनि ॥ मदन गोपाल लाल का-
हू की राषत नाहिन कांनि ॥ १॥ यह एक तुक परमांनं-
ददासजीनें गाई हुती तब श्री आचार्यजी महाप्रभू-
ननें कह्यो जो परमांनंददास ऐसें कहो जो भली यह
षेलिवे की बांनि तब परमानंददासजें ऐसें ही पद गा-
यो सोपद ॥ राग देवगंधार ॥ भली यह षेलिवे की बां-
नि ॥ मदन गोपाल लाल काहू की नाहिन राषत कां-
नि ॥ १॥ अपने हाथ लेदेत है वनवर दूध दही घृत

सांनि॥ जो वरजोतो आंषिदिखावे पर धनकों दिन रा
नि॥ २॥ सुनिरीजसोदासुतकेकरतव यहले मांट म-
थांनि॥ फोरिदारिदधिडार आजरमें कोनसहैनित
हांनि॥ ३॥ ठाढी देषत नंदजूकी रानी मूंदि कमलमु
खहांनि॥ परमांनंददास जानत हे बोलिवूझिधों आं
नि॥ ४॥ यह पद परमांनंददासनें गायो तापाछेंकि
तेक पद गाए जोजो लीला श्रीठाकुरजीनें करी सो ता
ता लीलाके पद परमांनंददासनें गाए सो एकदिन भ
गवदीय रामदासजी और कृष्णदासजी कुंभनदास
जी सब वैष्णव मिलिकें परमांनंददासजी जहां रहत
हुते तहां आए सो भगवदीय आए देषिकें परमांनंद
दासजी बहुत प्रसन्न भए जो आज मेरे घर भगवदीय
आए हैं सो मेरो बडो भाग्य हे और आज मेरो भा-
ग्य सिद्धि भयो हे सो काहेतें जो श्रीठाकुरजी भगवदी
यके हृदेमें सदा सर्वदा बिराजत हें तातें भगवदीय
नकी कृपा होय तो श्रीठाकुरजी अनुग्रह करें जो ऐस
े भगवदीय मेरे घर पधारे हें सो प्रथम भगवदीयकी
न्योंछावरि करी चहिये जो ए सो तो कछू नांही सो न्यों
छावरि करों तब यह विचारिकें परमांनंददासनें ए

सेंही पदकह्यो सोपद ॥ रागहमीर ॥ आऐमेरेंनंदनंद
नकेप्यारे ॥ माला तिलकमनोहरवानोंत्रभुवनकेउजि
यारे ॥ १ ॥ प्रेमसहित वसत मनमोहन नेंकहूंटरत नटा
रे। हृदेकमलकेमध्य विराजत श्रीव्रजराजदुलारे २
कहाजानोंकोंनपुन्यप्रगटभयोमेरे घरजोपधारे-
परमांनंदप्रभूकरीन्योंछावरि वारि वारि होंवारे ॥ ३
यह पदभगवदीयन की भेटकरि अपने आएभगव
दीयन कोंविदाकीये ता पाछें ऐसी रीतिसों परमांनं
ददासनें श्री नाथजीकीभली भांतिसोंसेवाकीनीसे
वेपरमांनंददासजी श्री आचार्यजीमहाप्रभूनके ए
सेकृपापात्रभगवदीयहें ताते इनकीवार्ताकहांतां
ईं लिषिये ॥ वार्ताप्रसंग ॥ ९ ॥ संबंध १९९ ॥ वेष्नव ॥ ८२

अब श्री आचार्यजीमहाप्रभुन
केसेवककुंभनदास गोरवा
तिनकी वार्ता हें

सोवेकुंभनदासजी श्री गोवर्द्धनपर्वतकेपासजमुना
वतो गांमहे तामेंरहते सोजमुनावतो नाम वागांम
को काहेतेहेंजो श्रीजमुनाजीको प्रवाहसारस्वतक
ल्पमें याकेनिकटहुतोताते जमुनावतो नाम वा-

गांमकोहै तामें कुंभनदासजीरहते औरपरासोलीचंद्रसरोवरिकेऊपरकुंभनदासजीकीधरतीहुती सो उहांषेती करते सो कुंभनदासजीश्री गोवर्द्धननाथजीकेपरमसखाहुते औरकृपापात्रहुते सो अबहीं श्री गोवर्द्धननाथजी प्रगटहोयकेंश्रीमहाप्रभूजीकोंबुलावेंगे तब येभगवदीयप्रसिद्धि-होंयगे सो एकसमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभूपृथ्वीपरिक्रमाकरतझारषंडमें पधारे सो झारषंडमेंश्रीगोवर्द्धननाथजीनें आज्ञादीनी जो हम गोवर्द्धनमेंतीनिदमनहैं नागदमन १ इंद्रदमन २ देवदमन ३ तिनकेमध्यमेंहमदेवदमनहैं सोमेरोनामहैतातेंतुमआयकेंहमकोंपधराओ औरहमारीसेवाकोप्रकारप्रगटकरो तबश्रीआचार्यजीमहाप्रभूननेंपृथ्वीपरिक्रमाउहांईराषिकेंवेगपधारेतबदामोदरदासहरसांनीकृष्णदासमेघनगोविंददुबेजगन्नाथजोसीरांमदासयेपांचवैष्णवसंगहुतेसो श्रीआचार्यजीमहाप्रभूश्रीगोवर्द्धनकीतरहटीआयकेंसहूपांडेकेचोंतराऊपरविराजेसोआगेंश्रीगोवर्द्धननाथजीकेआगरनमेंयहसहूपांडे

भमांनी नरी श्री आचार्यजीमहाप्रभून के सेवक
भए हुते तिनकों श्री आचार्यजीमहाप्रभूननें श्री
गोवर्द्धननाथजीकी सेवा सोंपी और व्रजवासी व्रज
में श्री आचार्यजीमहाप्रभूनके सेवक बहुत भए औ
र कुंभनदासजी श्री आचार्यजीमहाप्रभूनकी सर
ण आए सो श्री आचार्यजीमहाप्रभूननें श्रीगोव
र्द्धननाथजीकों एक छोटोसों मंदिर सिद्धि करवायो
तामें श्रीनाथजीकों पधिराये और रांमदास चोहा
नकूं सेवाकी आज्ञा दीनी और सब व्रजवासी लोग
दूध दही मांखन लावते सो श्री गोवर्द्धननाथजी आ
रोगत हुते और रांमदासकों जो भगवद् इछा
तें जो आय प्राप्ति होय सो भोग धरते और आप प्र
साद लेते और जे व्रजवासी लोग श्री आचार्यजी
महाप्रभूनके सेवक भए हुते तिनकों श्री आचार्य
जी महाप्रभूननें आज्ञा दीनी जो यह मेरो सर्वस्व
है सो तुम सब वातनसों यत्न राषियो और सेवामें
तत्पर रहियो और कुंभनदासकों और सब सेवकन
कों श्री आचार्यजीमहाप्रभूननें आग्या दीनी जो तु
म देवदमन के दर्शन कीए बिना महाप्रसाद मतिली

लियों तबयाभांतिसों आग्याकरिकेंश्रीआचार्य जीमहाप्रभूननें पृथ्वीपरिक्रमाझाडषंडमेंराषी हती अबकुंभनदासजीनित्यश्रीआचार्यजीम- हाप्रभूनकीकृपातेश्रीगोवर्द्धननाथजीकेदर्श- नकों आवते सोकुंभनदासजीकीर्तनबहुतनीके गावतेजो श्रीआचार्यजीमहाप्रभूननेंकुंभनदासजी कोंनामसुनायो औरब्रह्मसंबंधकरवायो तबकुंभ नदासजीनित्यनएपदकरिकेंश्रीनाथजीकोंसुना वते औरश्रीनाथजीकुंभनदासजीकेघरपधारते औरबहुतक्रीडाकरतेषेलते वातोंकरते औरब हुतकृपाकुंभनदासजीकेऊपरकरते अबरामदा सजीश्रीगोवर्द्धननाथजीकीसेवा करनलागे सोए कसमें मलेछकोउपद्रवभयो सोइहांमानिकचं द पांडेतथासद्दू पांडेरामदासचौहानकुंभनदासस बमिलिकें विचारकीयो जोयहमलेछआयोहैसो धर्मकोद्वेसीहै सोकहाकर्तव्यहै तबसबनेंकहीजो यामेंकहाकर्तव्यकहापूछनो आपनोंविचारयो कहाहोतहै तातेंश्रीनाथजीकोंपूछो जोमहाराज कहाकरें तबश्रीनाथजीनें आग्यादीनीजो हम

कोंइहांतेलेचलो हमइहांतेउठेंगे तबसवननें पू
छोजोमहाराजकहांपधारोगे तबआपने श्रीमुष
सोंकह्योजो टोंडकेघनेमेंचलेंगे तबएकभैसाम
गायो तापर श्रीगोवर्द्धननाथजीकों बैठाए तब ए
कओरतेतो रामदास पकरें रहे ओरएकओरते
कुंभनदासजी पकरेंरहे ओरसब सेवक संगचले
जातहैं तहां घनेमेंकांटे बहुत हुते सोउहांकांटे
नमें बैठे सो वस्त्र सवनके फटिगए ओरसरीरमें
कांटेलगे दुषबहुत पायो सोघनेमें एकतला वहु
तो तहांरूषनकोएकचोकहै तहांबडेरूषनीचेश्री
नाथजी विराजे सोकछूकसामग्रीसंगहुती सोराम
दासनें भोगधरिकें जलकोकरवाभरिकें आगेंध
रिकें सब वेस्नव बैठे तबश्रीगोवर्द्धननाथजीनेंकुं
भनदाससोंकह्योजो कुंभनदासजी कछू गावौत
ब कुंभनदासजी तो मनमेंकुढिरहेहुते तब एक
पदनयोकरिकें गायो सोपद ॥ रागसारंग ॥ भाव
तहै तोइ टोंडको घनों ॥ कांटे लगे गोषुरू चूंदफ
टोजात यह तनों ॥१॥ सिंहहै कहालोकडीकोडर
यह कहावांनकवन्यों ॥ कुंभनदासप्रभू तुम गो

बर्द्धनधर व्रहकौंनरांडढेडनीकोजन्यों ॥ २ ॥ यहप
द कुंभनदासनें गायो सोसुनिकें श्रीनाथजीमुसिक्या
यकें चुपकरिरहे इतनेमें श्रीगोवर्द्धनतें समाचार
आए जो व्रह मलेक्षकी फोज आई हुतीसोपाछी-
फिरिगई तबश्रीगोवर्द्धननाथजीपर्वतऊपर मंदिर
मेंपधारे ॥ वार्ताप्रसंग ॥ १ ॥ अब श्रीनाथजी पर्वतऊ
परमंदिर मेंविराजे सोव्रजके लोगनकोंबहुतहरष
भयो जोधन्यदेवदमनजोऐसो उपद्रव आयोहुतोसो
इनकेप्रतापतेसब मिटिगयो तबकुंभनदासजीप्र
सन्नहोय के पद गाए सोपद श्रीगोवर्द्धननाथजीकों
सुनाये ॥ राग श्री ॥ चर्चरी ॥ जयतिजयतिहरिदास
सर्बधरनें ॥ यहपद संपूरनकरिकें गायो ॥ पाछें औेर
पदगाए सोपद ॥ राग सारंग ॥ कृष्नतनतरयानीर
यहपदसंपूरन करिकें कुंभन दासनें गायो पाछें नि
त्यऐसे पद कुंभनदासजी देवदमनकों सुनावते त
बकुंभनदासजीके पद सब जगतमें प्रसिद्ध भएसोस
बलोग इनके पद गावते तब इनकोपद काहू कला
मतनें सीख्यो सोफतेपुरसीकरीमें देसाधिपतिके
आगें कुंभनदासजीको कीयो पद वाकलामतनें-

गायो सो सुनिकें देसाधिपतिकौ चित्त वा पदमें गडि
गयो और मांड्योधुन्यों जो ऐसेहू महापुरुष है गए
हैं जिनकों ऐसे दर्शन परमेस्वरके होतहे तब वाक
लामतनें कह्यो जो आजीसाहिब अबहू हैं सोसुनि
कें देसाधिपति बहुत प्रसन्न भयो और वाकलामत-
सों कह्यो जो वे कहांहैं तब वाकलामतनें कही जो श्री
गोवर्द्धनकेपासजमुनावतो गांमहै तहां वे रहतहैं त
ब देसाधिपतिनें कही जोइहां बुलावो हम उनसों मि
लेंगे तब देसाधिपतिनें मनुष्य और असवारी कुंभ
नदासजीके बुलायबेकों भेजे तब कुंभनदासजी तो
घर हुते नाहीं परासोलीमें बैठे हुते सो मनुष्यननें
उहां बताय दीए तब कुंभनदाससों कह्यो जो तुम
को पात्साहनें यादि कीयेहैं तब कुंभनदासनें क
ही जो भैया मैं कछू देसाधिपतिको चाकर तो नां
हीं मेरो देसापतिसों कहा कामहै तब देसाधिपति
के मनुष्यननें कही जो बाबासाहिब हम तो कांममें
कछू समझत नाहीं परि हमकों देसाधिपतिको हु-
कमहै जो कुंभनदासको ले आवो तातें यह पालकी
है यह घोडाहै जापर चाहो ता पर बैठिकें चलियेह

मतो आएहैं सो आपकोंलेजाउंगे तबकुंभनदासनें
मनमें विचारकीयो जोबिनाजाएतोनिर्वाहनहोय
गोसोकुंभनदासजीतत्कालउहांतेपनहींपहरिकेंच
ले तब कुंभनदासजीकों जो लेबेकों आए हुतेतिन
नेंकहीजो बाबा असबारीमें बैठिये तबकुंभनदा-
सनें कह्यो जोभैयामें तोकबहू बैठ्योनाहीं पांछेंगे
सेंहीं चलेसो फतेपुरसीकरी आय पहुंचे सो देसाधि
पतिके डेराहूते तहां गए तबमनुष्यननें देसाधिप
तिसों कह्योजोकुंभनदासजी आएहैं तबदेसाधिप
तिनें कह्यो जोकुंभनदासजी आवो बैठो सो आपबै
ठे सो वह स्थलकैसोहै जोजामें जडावकीरावटीत
में मोतीनकी झालरिलगीहैं ऐसो स्थलहो तामें
बैठे तब मनमें बहुत दुषलाग्यो और कह्योजोया
सों तोहमारे ब्रजकेहीसनकेरूष आछेहैं सोजिन
में श्रीगोवर्द्धननाथजीषेलतहैं तबइतनेमें देसा
धिपतिबोल्यो जोकुंभनदासजीतुमनें विसनपद
बहुतकीएहैं सो मेनें तुमकों बुलायोहै तातें तुमक
छू विसनपद गावो तब कुंभनदासजीतो मनमें कु
देहुते सोविचारे जोकहागाऊं मेरी वांणी केभक्ता

तोश्रीगोवर्द्धनधरहैं और कछू गाएविनातोमेरोकां
मचले गोनाहीं तातें ऐसो गाऊं जो कबहू मेरोनां
मन लेइ काहेतें जोयाकेसंगतें मेरे प्रभू छूटेंहैं तातेंक
छू कठोर वचनकहूं जोबुरोमाने गोतोकहाकरेगो
तव यहमनमें आई जोजाको मन मोहनसंगकेरखेंो
केसव सेनहीं सिरते जोजगवेरपरे यह विचारिकें
तासमय कुंभनदासजीनें एकनयोपदकरिकेगायो
सोपद ॥ रागसारंग ॥ भक्तनकोकहासीकरीकाम
श्रवत जात पन्हैयांटूटी विसरिगयोहरिनाम ॥१॥
जाकोमुखदेखें दुखलागे ताकोंकरन परीपरनाम
कुंभनदासलालगिरधरविन यहसबझूठोधाम २
यहपद गायोसोसुनिकेंदेसाधिपति अपनेमनमें
बहुतकुढ्यो और कह्योजो इनकों काहूबातकोला
लच होयतो ए मेरोजस गावें इनकों तो अपनेघरमें
खरसों सांचोसनेहहै इतनों कहिकेंदेसाधिपतिनेंकुं
भनदासकोंसीषिदीनी तवकुंभनदासजी उहांतेंच
ले सो मार्गमें आवत अतिकलेस जोकबहूं प्रभून
को श्रीमुखदेषोंसो ऐसोविचारिकेंकुंभनदासजीआ
वतहैं तासमय पद गायो सोपद॥ रागधनाश्री॥ कबहूं

देषिहोंइननेंननु॥सुंदरस्याम मनोहर मूरत अंग अंगसुषदेननु॥१॥वृंदावनविहारदिनदिन प्रतिगो पहंदसंगलेननु॥ हंसिहंसि हरषिपतो वन पावन बाटिवादियपफेंननु॥२॥कुंभनदास कितेदिनवीते कीये रेणमुषसेंननु॥ अबगिरधरबिननिसिअरुवासर मनननरहतक्योंचेंननु॥३॥यह पदमार्गमें गावत आए सो आयकें श्रीगोबर्द्धननाथजी के दर्शनकीए औरदोयदिनलोदर्शननभए सो कुंभनदासजीकोंदोयजुगकीबराबरबरबीतेसो श्रीमुख देषतही सबदुखबिसरिगए तब एक पद गायो सोपद॥रागधनाश्री॥नेंनभरि देषोनंदकुमार॥तादिनतेसबभूलिगयोहोंबिसस्योपनिपरिवार॥१॥बिनुदेषेंहूं विकलभयोहों अंगअंगस बहार॥ तातेंसुधिहे सांवरीमूरतिकीलोचनभरि भरिवार॥२॥रूपरासिपरमितनहींमानोंकेसेंमिलोंकन्हाई॥कुंभनदासप्रभु गोबर्द्धनधरमिलिये बहुरि रीआई॥३॥रागधनाश्री॥हिलिगनकठिनहे यामनकी॥जाकेलियें देषिमेरीसजनीलाजगई सब तनकी॥१॥धर्मजाउ अरुलोगहंसो

सब अरु गावो कुल गारी ॥ सो क्यों रहे नाहिं विन दे
षें जो जाको हितकारी ॥ २ ॥ रस लुब्धक निमष न छां
डत ज्यों आधीन मृग गानों ॥ कुंभनदास सनेह प
रम श्रीगोवर्द्धनधर जानों ॥ ३ ॥ ऐसे पद बहुत कुंभनदास
जीनें गाए सो सुनिकें श्रीनाथजी बहुत प्रसन्न भए
और कह्यो रसमें विन रहत नाहीं ॥ वार्ताप्रसंग ॥ २ ॥
और एक समें राजा मानसिंघ सब ठौर ते दिग्विजय करि
कें अपने देसकूं चले तब मनमें विचारें जो बहुत दिनमें
आए हें ताते मथुरा वृंदावन होयकें चलनों सो यह
विचारिकें आगरे तें चले सो मथुरा आए तब विश्रा
ति स्नान करिकें श्रीकेसोरायजी के दर्शन करिकें वृं
दावन चले सो उष्णकाल के दिन हुते तब वृंदावन के
सब महंतनने जानी जो आज इहां राजा मानसिंघ द
र्शन कों आवेगो सो यह जानिकें श्रीठाकुरजी कों अ
छे आछे जरी के वागे बहुत आभरन पहराये पि छ
वाई चंदोवा सब जरीन के बांधे इतने में राजा मान
सिंघ दर्शन कों आयो सो भीतर मंदिर में आयकें
श्रीठाकुरजी के दर्शन कीए सो उष्णकाल के दिन हु
ते सो बहुत गरमी पडे सो तासमें राजा मानसिंघ

पैठहो न रह्यो गयो ॥ जो एसे दर्शन चारि पंचि बडे हु
ते सो तहां सब ठोर दर्शन करि सब ठोर ते बिदा होय
कें अपने डेरा में आए सो डेरा आय कें मन में विचारे
जो अब ही कूंच करें सो उहां सों असवार होय कें च
ले सो तीसरे पहर गोवर्द्धन गाम आए सो मान सी
गंगा ऊपर डेरा कीए सो तहां श्री हरदेव जी के दर्श
न कीए सो उहां वृंदावन के महंतन नें बडे ठाठ बना
ए हे तैसो ई इहां ठाठ बनाय राख्यो हुतो सो राजा
मान सिंह तहां ते दर्शन करि कें चले तब काहू नें क
ही जो महाराज इहां श्री गोवर्द्धन नाथ जी बहुत-
सुंदर ठाकुर हैं तहां आप दर्शन कों चलो तब रा
जा मान सिंघ नें कह्यो जो इहां तो अवस्य चलनों ए
ठाकुर सब व्रज के राजा हैं ताते इन के दर्शन तो अ
वस्य करने तब उहां ते चले सो गोपाल पुर गाम आ
ए तब आय कें पूछी जो दर्शन को कहा समय है त
ब काहू नें कही जो उत्थापन के दर्शन तो होय चु-
के हैं अब भोग के दर्शन होयगे तब यह सुनि कें रा
जा मान सिंघ श्री गोवर्द्धन नाथ जी के दर्शन कों
गिरराज ऊपर आए सो उष्न काल के दिन मार्ग के

अमितदूरिकेचले आए सो गरमीमें राजा बहुतव्या
कुलभयो हुतो इतनेमें भोगके किवाड षुले सो रा-
जा मानसिंघकों मणिकोठामें लेगए तिन दिनन-
में श्रीनाथजीकी सेवा वैभवसों होती हुती बडो मं
दिर सिद्धिभयो हुतो श्रीगोवर्द्धननाथजीके आगें गु
लावजलकों सिंगार भयो हुतो निजमंदिर मणिको
ठा तिवारी सब जलमय होयरहे हुते सो तासमय रा
जा मानसिंघ दर्शनकों गए हुते सो श्रीगोवर्द्धननाथ
जीके दर्शन करिकें साष्टांग दंडवत्कीनी और गर
मीमें राजा व्याकुलभयो हुतो सो सीतलताई भई ब
डो चैंन भयो और श्रीगोवर्द्धननाथजीको श्रीमुख
देषिकें राजा बहुत प्रसन्नभयो और कह्यो जो साक्षा
त् श्रीकृष्ण श्रीवृंदावनचंद्र श्रीगोवर्द्धननाथजी हैं
आगें श्रीभागवतमें सुन्यों हुतो सो आज देषे आ
जदिन है सो धन्य है और आज मेरो बडो भाग्य है
और मनमें कह्यो जो यह भोगको समय है सो तो-
प्रभूनकी राजधानीको समय है सो वे प्रभू विराजे
हैं आगें ताल मृदंग बाजत हैं कीर्तन होत हैं सो कु
भनदासजी ठाडे ठाडे मणिकोठामें दर्शन करत हैं

और कीर्तन गावतहैं सो राजा मांनसिंघकोमनवा पदमेंगढि गयोहुतो तैसोई को ढिकदर्पणावणयस्व रूप और तैसोई कीर्तन कुंभनदासजी करतहुते सो· पद॥ रागनट॥ रूप देषि नैंना पललागे नहीं॥ गोवर्द्ध न के अंग अंग प्रति निरखि नैंन मन रहत तहीं॥१॥ कहा कहौं कछु कहत न आवै चित चोर्यो मांग बेद हीं॥ कुंभनदास प्रभू के मिलन की सुंदर बात सखीय न सों कही॥२॥ राग धनाश्री॥ आवत मोहन मन जु हर्योहो॥ हों ग्रह अपने मन सचु सों बैठी निरषि ब दन अचरा विसर्योहो॥१॥ रूपनिधान रसिक नंदनं दन निरषि वदन धीरज न धर्योहो॥ कुंभनदास प्रभु गोवर्द्धनधर अंग अंग प्रेम पियूष भर्योहो॥२॥ ऐसे पद कुंभनदासजी गावत है इतने में राजभोग के· दर्शन होय चुके तब राजा मानसिंघ दंडोत करि कें· अपने डेरा में गयो तब कुंभनदासजी संध्या आरती के दर्शन करिकें अपनी सेवा सोंपहुंचि कें अपने घरकों गए तब राजा मांनसिंघ अपने डेरा में जाय कें अपने पास के· मनुष्य हुते तिनमें श्री गोवर्द्धननाथ जी के सिंगार की वार्ता करन लागे और कह्यो जो यह श्री गोवर्द्धनना

थजी के आगें कौंन गावत हुतो इननें ऐसे विसन
पद गाए हे जो कछू कहिवेमें नाहीं आवत तबका
हूनें कही जो महाराज एक ब्रज वासी हे कुंभनदास
नाम हे सो आय सुने ही हें पगे देसाधिपतिसों मिले
हुते सो हें तब राजा मांन सिंघनें कही जो हम हूं इन
सों मिलें तो आछो तब राजा मांनसिंघ सवारें उठके
श्री गिरराज की परिक्रमा कों निकसे सो परासोली
आए सो परासोली में कुंभनदासजी न्हाय के बैठे
इतने में श्री गोबर्द्धन नाथजी पधारे सो श्री मुख-
सों कहे जो कुंभनदासजी हों तो गि एक बात कहूंगो
तब इतने में राजा मानसिंघ आयो सो कुंभनदासजी
कौं नमस्कार करिकें बेठो और श्रीनाथजी तो वहांतें
दूरि जाय ठाढे भए सो श्रीनाथजी तो एक कुंभन दा
सजी कों देखे हें और इनकी भतीजी कों देखे हें त
ब कुंभनदासजी की दृष्टि तो श्री नाथजी के संग ही
गई सो श्रीनाथजी बैठे हें तहां कुंभनदासजी देखि
वो करे तब भतीजी बोली जो बाबा राजा बैठे हें त
ब कुंभनदासजीनें कही जो मैं कहा करूं जो बैठे हैं तो
जो बात कहत हुते सो तो भाजि गए सो अब कहेंगे

तबदूरितें श्रीनाथजीकहें जोकुंभनदासमेंबात क
रूंगो तब कुंभनदासजी प्रसन्नभए औरभतीजी
सों कह्यो जो अमुकी आरसीलाउ तिलककरों तब
भतीजीनें कही जो बाबा आरसीतो पडियापीगई
तब राजानें कुंभनदासजीकीभतीजी सों कह्यो
जो अरी छोरी पडियाकहापीगई तब व्रह कठोठी
में पानीलायकें कुंभनदासजीके आगेंधस्यों तब
कुंभनदासजी वामें देषिकें तिलककरन लागे इ
तनेमें राजा मानसिंघनें अपनी सोनेकी आरसी
कुंभनदासजीके आगेंधरी औरकह्योजो बाबा
यामें देषिकें तिलककरिये तब कुंभनदासजी बो
लेजो अरेभैया याकोंहों कहाकरूंगो हमारेंतोइहां
छानिकेघरहें तातेंकोऊ याकेपीछें हमारोजीवले
इगो तातें हमें तोयह नाहींचहियतहे तबराजामा
नसिंघनें इनके आगेंसोनेकी थेलीधरी तबकुंभन
दासनें कह्यो जोभैयाहमकोंतोयह नाहींचहियत
हमारे तो यह षेतीहे ताको धन आवतहे सोषात
हें तब राजा मानसिंघनें कह्यो जोभलो आपको
गामहे ताकोंलिष्योहोंकरिदेउ तबकुंभनदासनें

